आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

**गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद:** शंकराचार्य बोले, हमें कांशीराम...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 12 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 149 | www.janexpresslive.com/epaper




यूएस में 50 साल बाद लगेगी रिफाइनरी 12

# देशभर में एलपीजी की किल्लत

## एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें, यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बंट रहे, राजस्थान में कालाबाजारी

- यूपी में पुलिस के सामने लात-घूसे चले, अयोध्या में राम रसोई बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है। वहीं घरेलू रसोई गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी है। जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है।



### यूपी में गैस किल्लत, गोरखपुर में सिलेंडर के लिए मारपीट

उत्तर प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत हो गई है। बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। रसोई गैस की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। 8 साल में पहला मौका है जब राम रसोई बंद की गई है। उधर, बुधवार को दूसरे दिन भी गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगी रहीं। गोरखपुर और सिद्धार्थनगर में पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। कई जगह गैस एजेंसियों पर तड़के 3 बजे से ही लोग सिलेंडर लेकर पहुंच गए। लाइन में लगकर घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। वजह- सिलेंडर कम हैं और लेने वालों की संख्या ज्यादा। गोरखपुर में लाइन के बीच एक युवक सिलेंडर लेकर घुसने लगा। इसका दूसरे युवक ने विरोध किया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। पुलिसकर्मियों के सामने ही दोनों ने एक-दूसरे को लात-घूंसे मारे। बाद में पुलिस दोनों को पकड़कर ले गई। इधर, सीएम योगी ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि गैस और तेल की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गैस की किल्लत को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जिलों के डीएम और एसपी को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

### अयोध्या में राम रसोई बंद, 8 साल में पहली बार नहीं उठा शटर

रामनगरी अयोध्या में एलपीजी की किल्लत से राम मंदिर के निकट अमावा मंदिर में संचालित श्री राम रसोई द्वारा भोजन वितरण को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। यह रसोई रामलला के दर्शन मार्ग क्रॉसिंग 2 के निकट है। रामलला का दर्शन करने वाले करीब 3000 दर्शनार्थी रोजाना यहां भोजन करते हैं। यह सेवा करीब 8 साल से चल रहा था। अयोध्या में भी रसोई गैस की किल्लत देखने को मिल रही। लोग गैस बुक करने के लिए दो-दो तीन-तीन दिन से भटक रहे हैं। जिनका सिलेंडर बुक हो चुका है, उनकी रसीद नहीं मिल रही है।

### सरकार ने गैस आवंटन में बदलाव किया, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को मिलेगी प्राथमिकता

सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण भारत की एक-तिहाई गैस आपूर्ति बाधित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिये पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने के कारण पश्चिम एशिया से आने वाली करीब छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### बिहार: लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंच रहे

यहां भी 2 दिन से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद है। इस वजह से होटल,रेस्टॉरेंट पर असर पड़ा है। घरेलू गैस को लेकर भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी कतार दिखी। गोपालगंज, खगड़िया, औरंगाबाद, पटना समेत कई जिलों में लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंचने लगे। कई एजेंसियों में ताला लटका है। कोई कर्मचारी भी यहां मौजूद नहीं हैं।

### राजस्थान: 1900 का सिलेंडर 2500 रुपए में बेचा जा रहा

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बिल्कुल बंद हो गई है। ऐसे में अलग-अलग एजेंसी तय दाम से ज्यादा में सिलेंडर की कालाबाजारी कर रही है। भास्कर स्टिंग में खुलासा हुआ कि जयपुर में 1911 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर 2500 रुपए तक में बेचा जा रहा है। भास्कर ने जयपुर के एक होटल में आए गैस सप्लायर (इंडेन) का स्टिंग किया।

### पंजाब: घरेलू सिलेंडरों की भी बुकिंग बंद

लुधियाना और फरीदकोट में सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा फरीदकोट, होशियारपुर और पटियाला समेत कई जिलों में सोमवार से कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद है।

### गुजरात: सिलेंडर के लिए 2500 से 3000 रुपए की मांग

मशहूर फूड ट्रक 'महेश पौनभाजी' के मैनेजर शिवचरण अग्रवाल के अनुसार कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए फिलहाल 2500 से 3000 रुपए तक की मांग की जा रही है। इस कालाबाजारी के कारण छोटे-मोटे दुकानदार और होटल मालिकों पर आर्थिक संकट आ गया है। घरेलू गैस के लिए भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी लाइन लगी हुई हैं।

### आगरा में भी रसोई गैस संकट, लोग परेशान

आगरा में सिलेंडर लेने पहुंचे एक युवक ने कहा- दो दिन से सिलेंडर के लिए चक्कर लगा रहा हूं। मेरे बच्चे भूखे मर रहे हैं। एजेंसी वालों ने शटर भी गिरा दिया है। अब बच्चों को लेकर कहां जांऊ। हालांकि, अफसरों का कहना है कि परेशान होने की जरूरत नहीं है। गैस कंपनियों ने भी ग्राहकों को मैसेज भेजकर गैस की किल्लत की खबरों से इनकार किया है। उनका कहना है कि ईंधन की कमी के दावे भ्रामक और निराधार हैं। इधर, तेल कंपनियों ने घटते स्टॉक के चलते कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी। एजेंसियों को फिलहाल सिर्फ घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों पर पड़ रहा है। उन्हें कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। यूपी में 4.26 करोड़ घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें उज्ज्वला योजना के तहत 1.87 करोड़ कनेक्शन शामिल हैं। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 5-6 लाख सिलेंडरों की खपत होती है।

### लखीमपुर खीरी में रसोई गैस केंद्रों पर अफरा-तफरी

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की अफवाहों के बीच लखीमपुर खीरी जिले में विभिन्न गैस एजेंसियों पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, जिले के अधिकारियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की किसी भी कमी से इनकार करते हुए कहा कि जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य है। स्थानीय होटल और रेस्तरां मालिकों ने भी चिंता जताई और कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर असर पड़ा है।

### एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देशभर में रसोई गैस की भारी कमी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल-अमेरिका के प्रति समर्थन पर सवाल उठाए। केजरीवाल ने कहा कि ऊर्जा संकट की स्थिति के कारण लगभग एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। केजरीवाल ने कहा कि देशभर में रसोई गैस का भारी संकट है।

### दिल्ली-एनसीआर में भी गैस की सप्लाई प्रभावित

दिल्ली-एनसीआर में भी एलपीजी की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। इससे दिल्ली-एनसीआर के रेस्तरां कारोबार पर भी असर पड़ने लगा है। कमर्शियल एलपीजी गैस सिलिंडर की सप्लाई रेस्तरां में लगभग ठप हो चुकी है। कुछ एजेंसी वालों ने कहा कि पीछे से सप्लाई रोक दी गई है। कारोबारियों का दावा है कि करीब 70% रेस्तरां इस समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति नहीं संभाली गई तो कुछ दिनों में रेस्टोरेंट में ताले लटकने शुरू हो सकते हैं।

### सरकार ने नहीं दिखाई दूरदर्शिता: कपिल सिब्बल


राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल का कहना है कि अगर लड़ाई जारी रहती है तो गैस की किल्लत हो जाएगी। इससे कई सेक्टर प्रभावित होंगे। सरकार ने उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देकर सही कदम उठाया है। यह फैसला सही है। लेकिन ये होना था। सरकार को दूरदृष्टि दिखानी चाहिए थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम 90 फीसदी क्रूड आयात करते हैं। इसलिए हमें मुश्किल हो सकती है।

### गैस की हुई किल्लत, तो कोयले की भट्टी तैयार करा रहे

लखनऊ में एक चाय विक्रेता ने गैस की संभावित कमी को देखते हुए अपनी दुकान पर कोयले की भट्टी (चूल्हा) तैयार करवाना शुरू कर दिया है, ताकि उसका काम प्रभावित न हो। चाय विक्रेता शिवपाल ने बताया- आज मैं आखिरी गैस सिलेंडर पर काम कर रहा हूं। अगर गैस नहीं मिली तो कल से इसी भट्टी पर चाय बनाऊंगा। इसलिए पहले से ही कोयले की भट्टी बनवा रहा हूं, ताकि मेरी दुकान चलती रहे और कमाई पर असर न पड़े।

# स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा

## 'जो नियम तोड़ेगा, उसका माइक बंद होना ही चाहिए', विपक्ष के माइक बंद के आरोपों पर अमित शाह का पलटवार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जमकर सवाल उठाए। उन्होंने राहुल गांधी की सदन में उपस्थिति से लेकर महत्वपूर्ण विधेयकों पर होने वाली चर्चा में उनके हिस्सा नहीं लेने पर टिप्पणियां कीं। उन्होंने एक-एक कर 12 ऐसे विधेयकों का जिक्र किया, जो महत्वपूर्ण थे, लेकिन उस पर हुई चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा नहीं लिया। गृह मंत्री की टिप्पणियों के बाद हंगामा हुआ। विपक्ष के सांसदों ने तीखी नारेबाजी।

### गृहमंत्री ने गिरिराज सिंह का दिया उदाहरण

अमित शाह ने कहा कि ये कहते हैं माइक बंद कर दिया जाता है। अभी पप्पू यादव के भाषण के दौरान गिरिराज सिंह बोल रहे थे, उनका भी माइक बंद किया गया था। मंत्री होने के बाद भी, जो नियमों के विपरीत बोलेगा, उसका माइक बंद ही कर दिया जाना चाहिए। बीएसी में तय हुआ कि इनके प्रस्ताव पर नौ तारीख को चर्चा होगी। ये अपने प्रस्ताव पर चर्चा को भी तैयार नहीं थे, यह इनकी गंभीरता बताता है। 80 फीसदी से ज्यादा भाषण स्पीकर के कंडक्ट पर नहीं, सरकार का विरोध करने के लिए हैं।

### अनुशासन तोड़ने पर माइक बंद होना ही चाहिए: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि जब स्पीकर की तरफ से किसी भी सदस्य को किसी मुद्दे पर बोलने के लिए कहा जाता है तो अगर वे दूसरे मुद्दे पर बोलते हैं तो दावा करते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया गया। मैं कहना चाहता हूं कि अनुशासन तोड़ने पर माइक बंद होना ही चाहिए।

### गृहमंत्री ने गिनवाईं राहुल गांधी विदेश यात्राएं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'शीतकालीन सत्र 2025 में राहुल गांधी जर्मनी की यात्रा पर थे। बजट सत्र 2025 में वियतनाम की यात्रा पर थे। बजट सत्र 2023 में इंग्लैंड, बजट सत्र 2018 में सिंगापुर और मलेशिया की यात्रा पर थे। मानसून सत्र 2020 में विदेश यात्रा पर थे। बजट सत्र 2015 के दौरान 60 दिन विदेश यात्रा पर थे। क्या यह सब इत्तेफाक है कि जब-जब बजट सत्र या महत्वपूर्ण सत्र आता है तो इनकी विदेश यात्रा हो जाती है। फिर कहते हैं कि हमें बोलने नहीं देते।'

### 'संसद में किसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहस नहीं हो सकती है'

उन्होंने कहा कि ये लोग चाहते हैं कि उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सदन में बहस हो, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि पहले भी इनके परिवार में बड़े-बड़े नेता हुए हैं, लेकिन किसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर संसद में बहस नहीं हो सकती। अमित शाह ने राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी का बड़ा नेता बताते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान वो जर्मनी यात्रा पर थे। जब जब संसद सत्र चलता है, विदेश यात्रा लग जाती है और फिर कहते हैं कि बोलने नहीं देते। जो व्यक्ति विदेश में है, यहां कैसे बोलेगा। यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा नहीं है।

### कांग्रेस को विरोध करने का अधिकार नहीं: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि सरकार का विरोध करने के लिए ढेर सारी धाराएं हैं, इसके लिए आप स्पीकर की गरिमा पर सवालिया निशान लगा रहे हो, कल भी कह रहे थे कि डिप्टी स्पीकर नियुक्त नहीं किया। कांग्रेस ने अपने ही डिप्टी स्पीकर रख दिए थे। ये कहते हैं कि डिप्टी स्पीकर पर हमारा अधिकार है। इन्होंने तो ये पद अपने सदस्य से भर दिया था। कांग्रेस पार्टी को विरोध करने का अधिकार ही नहीं है। एस वीके राव कांग्रेस के सदस्य थे और दोनों बार वही डिप्टी स्पीकर थे। हमने तो कम से कम आपके लिए खाली रखा है, आपने तो खाली भी नहीं रखा।

### 'सदन कोई मेला नहीं, नियमों के अनुसार चलना पड़ेगा'

शाह ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि 75 साल से इन दोनों सदनों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को पाताल से भी गहरा किया है। लेकिन आज विपक्ष ने इस साख पर एक प्रकार से सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। सदन आपसी विश्वास से चलता है। पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए सदन के जो स्पीकर होते हैं, वह संरक्षक होते हैं। इसलिए नियम बनाए गए हैं। यह सदन कोई मेला नहीं है; यहां नियमों के अनुसार चलना पड़ता है। जिन बातों को सदन अनुमति नहीं देता है, उस तरह से बोलने का किसी को अधिकार नहीं है, चाहे वह कोई भी हो।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।

### प्रीम कोर्ट ने फैसले में शेक्सपीयर का जिक्र किया

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।' उन्होंने विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक हेलमेट की पंक्ति To be or not to be का भी जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों को कई बार इसी तरह के प्रश्नों के संदर्भ में 'मरने के अधिकार' पर विचार करना पड़ता है।

### इच्छामृत्यु के 2 तरीके होते हैं...

- **पैसिव यूथेनेशिया:** इसमें मरीज का इलाज या लाइफ सपोर्ट जैसे वेंटिलेटर, फीडिंग ट्यूब या दवाइयां रोक दी जाती हैं, ताकि उसकी मौत प्राकृतिक रूप से हो सके। इसमें डॉक्टर कोई नया काम नहीं करते, सिर्फ इलाज बंद कर देते हैं। मौत का कारण बीमारी ही रहती है।
- **एक्टिव यूथेनेशिया:** इसमें मरीज को मौत देने के लिए डॉक्टर दवाई या इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं। भारत में यह गैर-कानूनी है। अगर कोई जान-बूझकर किसी मरीज को दवाई देकर मारता है, तो इसे [illegible] की धारा के तहत हत्या या के तहत आत्महत्या में मदद माना जाता है।

### भारत के संविधान में इच्छामृत्यु का क्या कानून है

2005 में कॉमन कॉज नाम की एक [illegible] ने पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छामृत्यु के अधिकार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर 9 मार्च 2018 को सीजेआई दीपक मिश्रा की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी।

### लाइफ सपोर्ट हटाने का निर्णय दो आधारों पर होना चाहिए

यह हस्तक्षेप चिकित्सा उपचार की श्रेणी में आता हो। यह मरीज के सर्वोत्तम हित में हो। अदालत ने यह भी कहा कि डॉक्टर का कर्तव्य मरीज का इलाज करना है, लेकिन जब मरीज के ठीक होने की कोई संभावना न हो, तो यह कर्तव्य उसी रूप में कायम नहीं रहता।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कानून बनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पैसिव यूथेनेशिया पर कानून बनाने पर विचार करने का भी कहा। फिलहाल भारत में यह केवल सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के आधार पर ही संभव है, जिसमें मरीज की स्थिति पर दो मेडिकल बोर्ड की राय जरूरी होती है।

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति घोटाले में नया मोड़, नाजिर निकला मास्टरमाइंड

जन एक्सप्रेस। उरई

- भूमि संरक्षण कार्यालय से शुरू हुआ मामला कई विभागों तक पहुंचा, जांच की निष्पक्षता पर उठे सवाल

भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर हुए कथित घोटाले में अब नया मोड़ सामने आया है। शुरुआत में विभागीय अधिकारियों ने आनन-फानन में दो लिपिकों के खिलाफ जांच कर एफआईआर दर्ज कराकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली थी, लेकिन अब सामने आ रहे नए तथ्यों ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। ताजा जानकारी के अनुसार इस पूरे खेल का मुख्य मास्टरमाइंड कार्यालय का नाजिर बताया जा रहा है।

### विकास भवन में मची हलचल

जैसे ही नाजिर की भूमिका को लेकर चर्चाएं विकास भवन में तेज हुई, विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात यह है कि अब तक एफआईआर दर्ज कराने वाले अधिकारी भी इस मामले में खुलकर कुछ बोलने से बचते नजर आ रहे हैं। वहीं विभागीय कर्मचारी भी इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### ओटीपी सिस्टम पर उठे सवाल

जानकारों के अनुसार जब भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति के ऑनलाइन डाटा में कोई बदलाव किया जाता है तो संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजी जाती है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या अधिकारियों की जानकारी के बिना यह बदलाव संभव था या फिर इस पूरे मामले में कुछ अधिकारी भी शामिल थे। खाते में बदलाव के दौरान अधिकारी के पास पहुंची ओटीपी दी गई या नहीं, यह जांच का महत्वपूर्ण विषय हो सकता है।

### कई विभागों में फैला घोटाले का जाल

सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर सिर्फ भूमि संरक्षण विभाग ही नहीं, बल्कि नलकूप, लघु सिंचाई और नहर विभाग में भी लाखों रुपये का खेल किया गया। बताया जाता है कि इस पूरे फर्जीवाड़े को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिसमें नाजिर की भूमिका अहम मानी जा रही है।

### जांच टीम की भूमिका पर भी सवाल

मामले का एक और पहलू यह है कि जिस विभाग के अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है, वही विभाग इस मामले से जुड़ा हुआ है और वही अधिकारी जांच टीम का सदस्य भी है। ऐसे में जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### व्यापक जांच की उठ रही मांग

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि चिकित्सा प्रतिपूर्ति से जुड़े सभी विभागों की फाइलों की विस्तृत जांच कराई जाए और भुगतान तक पहुंचे सभी मामलों को जांच के दायरे में लिया जाए, तो पूरे प्रकरण का खुलासा हो सकता है। साथ ही जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह के फर्जीवाड़े की पुनरावृत्ति न हो सके।

## रायबरेली व अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे राहुल गांधी, दिशा की बैठक में लेंगे हिस्सा

जन एक्सप्रेस। अमेठी/रायबरेली

नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी का अमेठी-रायबरेली संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा 12 और 13 मार्च को प्रस्तावित है। 13 मार्च को अमेठी में कार्यकर्ताओं की बैठक में वह शामिल होंगे, उसके बाद दिवंगत पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. योगेंद्र मिश्र के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। स्थानीय कांग्रेसी उनके आगमन की तैयारियों में जुट गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष 12 मार्च को फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे रायबरेली जाकर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के उपरांत वह रात में भुएमऊ गेस्ट हाउस में रुकेंगे। इस दौरान राहुल गांधी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विस्तार से बातचीत करेंगे।

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 अभी भी लापता




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान

भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि हमला किसने किया, इसकी जानकारी नहीं है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ था। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रॉयल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### स्पेन ने इजराइल से अपना राजदूत हटाया

स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से हटा दिया है। सरकार ने एक दिन पहले ही इस कदम को मंजूरी दी थी। मैड्रिड ने पिछले साल सितंबर में राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। यह विवाद तब और बढ़ गया जब इजराइल के विदेश मंत्री ने स्पेन सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की थी। ये फैसले प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में हो रही हिंसा को नरसंहार बताते हुए उसकी निंदा करने के बाद घोषित किए थे।

### 'फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगे'

ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने कहा है कि देश की फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकती। उनका कहना है कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के बाद ऐसी परिस्थितियों में टूर्नामेंट में भाग लेना संभव नहीं है। 2026 का फीफा वर्ल्ड कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में संयुक्त रूप से आयोजित होना है और ईरान के ग्रुप मैच भी अमेरिका में होने वाले हैं।

# स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता हर हाल में करें सुनिश्चित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड अनुदान के लिए इस वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना एवं प्रस्तावों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं नगर पंचायत राजापुर के अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी द्वारा बुनियादी ढांचे और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता पेयजल आपूर्ति के लिए मोबाइल टैंकर, क्लोरीनेशन डोजर, पाइपलाइन विस्तार तथा सीवेज प्रबंधन के लिए मड पंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए टाटा ए.सी.ई. ईवी हॉपर, रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, जेटिंग मशीन और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कूड़ा संग्रहण केवल काली पन्नियों में ही किया जाए ताकि डंपिंग पॉइंट पर गंदगी न दिखे। निर्माण कार्य प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण तथा पटेल तिराहा से धनुष चैराहा तक फुटपाथ व स्ट्रीट लाइट स्थापना को प्राथमिकता दी गई।

निकायों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं निजी संस्थानों सहित सभी नागरिकों से अनिवार्य रूप से यूजर फीस वसूली जाए। इसके लिए अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष संयुक्त पत्र जारी करें। शहर में विज्ञापन स्थलों को चिन्हित कर दो वर्षीय अनुबंध के आधार पर टेंडर प्रक्रिया 15 दिनों में पूर्ण करें, जिसमें प्रति दो वर्ष पर 10 प्रतिशत शुल्क वृद्धि का प्रावधान हो। सफाई कर्मचारी अनिवार्य रूप से निर्धारित ड्रेस और जैकेट में कार्य करेंगे। वर्दी न पहनने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बैंकों के सहयोग से ड्रेस पर लोगो लगवाकर अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करने का सुझाव दिया गया।

जिलाधिकारी ने अंत में निर्देशित किया कि शहर की स्वच्छता डंपिंग पॉइंट के सुधार पर टिकी है। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को टूटे हुए वाहनों की तत्काल मरम्मत कराने तथा सभी सफाई कर्मियों को उच्च गुणवत्ता वाले ग्लव्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद यादव, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर, भारत सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्थान चिन्हित कर वृक्षारोपण के लिए करें गड्ढों की खुदाई : डीएम

जन एक्सप्रेस । बांदा



बुधवार को जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्थल चिन्हित कर वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदान करने के निर्देश दिये।उन्होंने अतर्रा, बबेरू एवं नरैनी रोड पर सड़क किनारे वृक्षारोपण किये जाने हेतु डीएफओ एवं अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को सिल चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नहर किनारे एवं तहसील में वृक्षारोपण किये जाने हेतु स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को हरित चौपाल पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु गॉव में आयोजित करने के निर्देश दिये।उन्होंने सॉलिड बेस्ट मैनेजमेन्ट को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिये कि सड़क किनारे कूडा नही फेंका जाए, कूडे का उचित निस्तारण चिन्हित स्थानों पर ही डालकर किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेन्टरों का संचालन करने एवं संचालित आरआरसी सेन्टरों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये।उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए जीरो रिसाइकिल पॉलीथिन के उपयोग को रोके जाने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने तथा सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों का बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने के निर्देश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने ग्राम गंगा समितियों का गठन किये जाने तथा नदियों में प्रदूषित जल को प्रवाहित न किये जाने के निर्देश दिये तथा निम्नी नाला एवं करिया नाला में प्रदूषित जल की जांच कराये जाने के पश्चात ही जल प्रवाहित करने के निर्देश दिये। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढावा दिये जाने तथा किसान पाठशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जैविक खेती को बढाने के लिए पन्द्रह कलस्टरों का चयन नदियों के किनारे किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रामघाट में दिखी वृन्दावन वाली लट्ठमार होली, फूल-गुलाल के बीच झूमे श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिले की पावन धरती पर एक बार फिर भक्ति, प्रेम और सनातन संस्कृति के रंग बिखर उठे। रामघाट में आयोजित भक्त चरित्र एवं होली रस महोत्सव का दिव्य कार्यक्रम अत्यंत भव्य और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मंदाकिनी के तट पर जब भजन, संकीर्तन और होली के रसिया गूंजे तो ऐसा लगा मानो पूरा चित्रकूट धाम ही राम और कृष्ण की भक्ति में डूब गया हो।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि कामदगिरि पीठ के महंत डॉ. मदन गोपाल दास रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, जगदीश गौतम, महेंद्र सिंह, भैरों प्रसाद मिश्रा, महेंद्र कोटरा जिला अध्यक्ष भाजपा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जय बजरंग सेना के अनेक पदाधिकारी एवं धर्मप्रेमी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, विद्यासागर शुक्ल की सक्रिय मौजूदगी रही।

रामदरबार एवं राधा-कृष्ण की दिव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भक्तिमय प्रसंगों का संगीतमय वर्णन, संकीर्तन एवं भजन संध्या ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। जब फूलों की होली और गुलाल की होली शुरू हुई तो पूरा रामघाट भक्तिरस से सराबोर हो उठा। रसिया भजनों की धुन पर श्रद्धालुओं ने प्रेम और भक्ति के रंगों से एक-दूसरे को सराबोर किया।

चित्रकूट की महिमा स्वयं संत तुलसीदास ने गाई है। जहाँ भगवान श्रीराम ने वनवास के अमूल्य वर्ष बिताए और जहाँ आज भी कामदगिरि पर्वत, मंदाकिनी नदी और संतों की तपोभूमि हर भक्त को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। यहाँ होने वाले धार्मिक आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रमाण हैं।

# कुलगुरु ने विकासात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर दिया विशेष बल



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मासिक बैठक रजत जयंती भवन स्थित बोर्ड रूम में संपन्न हुई।

बैठक में कुलगुरु चैबे ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान गतिविधियों, विद्यार्थियों के हितों तथा विभिन्न विभागों में चल रहे विकासात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया।

कुलगुरु ने अधिकारियों से कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा एवं उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा समयबद्ध रूप से निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति से संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की। बैठक का संचालन प्रो. आञ्जनेय पांडेय कुलसचिव ने किया।

# आयकर-ईडी ने की जनपद में ताबड़तोड़ छापेमारी

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद में बुधवार का दिन व्यापारिक गलियारों के लिए किसी अचानक गिरी बिजली से कम नहीं रहा।सुबह होते-होते आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की संयुक्त टीमों ने शहर में ऐसी दस्तक दी।कि कई प्रतिष्ठानों की तिजोरियों की खामोशी और बंद फाइलों की धूल एकाएक सवालों के घेरे में आ गई।अचानक हुई छापेमारी से शहर के कई नामचीन व्यापारियों सहित राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के होश उड़ गये।बताया जाता है कि केंद्र सरकार की इन दोनों एजेंसियों ने पहले से मिली खुफिया सूचनाओं के आधार पर जनपद में कदम रखा और देखते ही देखते कुछ चुनिंदा व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू हो गई।अचानक पहुंची टीमों ने दस्तावेज,खाताबही और लेन-देन के रिकॉर्ड खंगालने शुरू किए तो शहर के व्यापारिक गलियारों में बेचौनी और कानाफूसी का दौर भी तेज हो गया।सूत्रों की मानें तो कार्रवाई का केंद्र उन कारोबारियों और संस्थानों को बनाया गया है।जिन पर आयकर चोरी,संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और कथित मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका लंबे समय से मंडरा रही थी।कहा जा रहा है कि कई फाइलें और दस्तावेज ऐसे हैं जो कागज पर जितने सीधे दिखते हैं।उनके पीछे की कहानी उतनी ही उलझी हुई बताई जा रही है।अचानक हुई इस दबिश ने यह भी संकेत दे दिया।

## बाल विवाह मुक्ति रथ ने दी जनपद से बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को रफ्तार

**चित्रकूट।** बाल विवाह के खिलाफ तीन चरणों में चले अभियान में धर्मगुरुओं, छात्रों, पंचायतों व वैवाहिक समारोहों में सेवाएं देने वालों को जोड़ा गया, जिसमें लोगों को बाल विवाह के लिए शपथ दिलाई गई और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे बाल विवाह मुक्ति रथ की यात्रा के समापन के पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने कहा कि हमारे प्रयासों को मिली प्रतिक्रिया से हम आश्वस्त हैं कि बाल विवाह मुक्त चित्रकूट और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के बेहद करीब हैं। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति बाल अधिकारों की सुरक्षा ?व संरक्षण के? लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ को बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इन 30 दिनों में यह रथ ने पूरे जिले के प्रमुख स्थलों की यात्रा की। यह रथ 75 गांवों तक पहुंचा और हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। बाल? विवाह मुक्त भारत अभियान के साल भर पूरा होने के अवसर पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 4 दिसंबर, 2025 को देशव्यापी 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का एलान किया था। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठनों ने इस अभियान की मोर्चे से अगुवाई करते हुए देश के 439 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए बाल विवाह मुक्ति रथ निकाले।

## पत्नी को फांसी लगाकर मौत के घाट उतारने वाले गुनहगार पति को चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ चार हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

राठ कस्बे में 14 अक्टूबर 2022 की सुबह अपनी पत्नी को फांसी लगाकर मौत के घाट उतारने वाले पति फूल सिंह को अपर जिला सत्र अदालत फर्स्ट के स्कालर जज उयवीर सिंह ने गुनहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही सुनाया चार हजार का जुर्माना। जबकि अभियोजन की तरफ से मामले की पैरवी करते हुये एडीजीसी महेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि महोबा के थाना श्रीनगर के ग्राम पिपरा माफ (उदयपुरा) निवासी वृन्दावन ने 4 अक्टूबर 2022 को राठ कोतवाली में दी अपनी लिखित तहरीर में कहा था कि उसने अपनी पुत्री अर्चना की शादी करीब पांच साल पहले राठ कस्बे के अतरौलिया निवासी फूल सिंह पुत्र छोटे लाल उर्फ़ छंगा के साथ की थी, शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक उसने दान जहेज भी दिया था, लेकिन शादी के बाद दामाद उसकी पुत्री से अक्सर अपने मायके से मोटर साईकिल लाने की बेजा मांग किया करता था, वही जब पुत्री अपने पति की इस बात का विरोध करती तो उसकी पुत्री के साथ उसका पति बेरहमी के साथ मारपीट किया करता था, मायके आने पर उसकी पुत्री अपनी माँ और घर वालों को रो-रो कर इस बारे में बताया करती थी, इस बात की जानकारी होने पर उसने अपने दामाद को कई बार समझाया भी था, लेकिन इसके बावजूद वो अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा था। तभी उसकी पुत्री की ससुराल के पडोसियों ने उसे फोन पर बताया कि उसके दामाद ने 4 अक्टूबर 2022 की सुबह उसकी पुत्री को फांसी लगाकर मौत की नींद सुला दिया है। जानकारी मिलने पर वो अपने घरवालों के साथ पुत्री की ससुराल पहुंचा तो वहां पुलिस मौजूद थी, जबकि पुत्री की लाश ऊपर वाले कमरे में थी, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरने के साथ ही जरुरी कार्यवाही करते हुये पुत्री की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था, घटना के बाद पीडित पिता की तहरीर पर राठ पुलिस ने उसके दामाद फूल सिंह के खिलाफ मु0अ0सं0-532/2022 धारा-498ए, 304बी आईपीसी सहित 3/4 जहेज रोकथाम एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर जिला सत्र अदालत फर्स्ट के स्कालर जज उदयवीर सिंह ने मुल्जिम फूल सिंह को धारा-498ए सहित धारा-4 जहेज रोकथाम एक्ट का गुनहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही सुनाया चार हजार का जुर्माना। जबकि धारा 304बी आईपीसी सहित धारा 3 मे मुल्जिम को बेगुनाह मानते हुये बरी कर दिया है। वही इस मामले की जांच पूरी करते हुये तत्कालीन सीओ प्रमोद कुमार सिंह ने मुल्जिम के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही सख्त सजा की मांग की थी।

# सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी का सतत् प्रयास, लगातार बढा रहे शहर का विकास

जन एक्सप्रेस । बांदा



सदर सीट भाजपा के दोबारा लोकप्रिय विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयास से शहर को बडी सौगात, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा किरन कालेज चौराहे से बाबू लाल चौराहे तक का प्रमुख मार्ग, स्वीकृत हुये 2388 लाख से बनेगी अत्याधुनिक सडक।शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सदर के विधायक प्रकाश द्विवेदी के अथक प्रयासों से शहर को एक अत्याधुनिक सड़क परियोजना की सौगात मिलने जा रही है।इस परियोजना के अंतर्गत किरण कॉलेज चौराहे से पदमाकर चौराहा,बाकरगंज चौराहा,छावनी होते हुए बाबूलाल चौराहे तक आधुनिक सुविधाओं से युक्त सड़क का निर्माण किया जाएगा।इस मार्ग का निर्माण नाला निर्माण एवं रोड चौड़ीकरण के साथ किया जाएगा,जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और यातायात व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी।सड़क के साथ-साथ अंडरग्राउंड केबलिंग,आधुनिक स्ट्रीट लाइट,छतरी (शेल्टर) एवं अन्य शहरी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा।जिससे यह मार्ग शहर की आधुनिक पहचान के रूप में विकसित होगा।इस परियोजना के लिए शासन के आवास विभाग द्वारा कुल 2388.59 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1194.30 लाख रूपये प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त किये गये है।इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था सुगम होगी।व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा स्थानीय जनता को विशेष लाभ प्राप्त होगा।यह परियोजना शहर के सुनियोजित और आधुनिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस परियोजना की स्वीकृति के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और जनता की सुविधा के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे,जिससे शहर को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा सके।

# मनरेगा से जल संचयन हेतु मेडबन्दी एवं तालाबों का निर्माण समय से करायें : डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जल संचय भागीदारी योजना की बैठक




जन एक्सप्रेस । बांदा

बुधवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल संचय भागीदारी योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा से जल संचयन हेतु मेडबन्दी एवं तालाबों का निर्माण तथा नालों की सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को नये शोकपिट का निर्माण कराये जाने तथा पुराने शोकपिटों की साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला भूमि संरक्षण अधिकारी को खेत-तालाब योजना के अन्तर्गत तालाबों की खुदाई, मेडबन्दी तथा छोटे चेकडैम बनाये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि वर्षा के जल का संचयन किया जा सके। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को तालाबों का निर्माण कराये जाने तथा चेकडैम बनाये जाने एवं रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि जल संचयन एवं जन भागीदारी पोर्टल पर कराये गये कार्यों के फोटोग्राफ अपलोड करें तथा कराये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करें।उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को वृक्षारोपण हेतु डेन/गड्ढे खुदाई किये जाने के निर्देश दिये।जिला कार्यक्रम अधिकारी को रूफ टाप रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल संचयन के कार्य में तेजी लायी जाए तथा आवश्यक कार्यों को समय से पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत 1 को होगी आयोजित

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार की अध्यक्षता में 1 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे आयुक्त कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी।इस पेंशन अदालत में चित्रकूटधाम मंडल के जनपद बाँदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद् के अंतर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों/अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवा निवृत लाभों( यथा पेंशन,उपादान,पेंशन पुनरीक्षण आदि से ही सम्बंधित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक,कोषागार एवं पेंशन,चित्रकूटधाम मंडल में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 19 मार्च 26 के सांय 4 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं।इस तिथि के उपरान्त कोई भी वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे।वाद पत्र/प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष जहाँ से कर्मचारी सेवा निवृत्त हुआ है को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद लेना अपेक्षित है।

# साइबर टीम द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में किया गया साइबर जागरुकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति, आरक्षी रामविलास यादव व आरक्षी शिवम द्विवेदी थाना साइबर टीम द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 100 से 120 छात्र व छात्राओं के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक किया गया। इस जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए जानकारी दी गयी। जिसमें बचाव के बारे में बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व ए.टी.एम. कार्ड नम्बर, पिन नम्बर तथा ओ.टी.पी. आदि साझा न करें। एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करें व किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप व कहीं भी सोशल मीडिया पर न दें। आधार, पैन, राशन या नयी सिम के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड, कैशबैक व किसी भी लॉटरी जैसे लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। किसी प्रकार का रिमोट एप्स जैसे टीमविवर, ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॅाल न करें। कम समय में पैसा डबल करने, क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा रिटर्न मिलने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आएं। साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर आपके बच्चे के द्वारा बलात्कार, किडनैपिंग का केस बता कर या आपके द्वारा पोर्न विडियों देखने का आरोप लगाकर आपसे पैसे की मांग की जाए तो बिलकुल न घबराएं, और न ही कोई पैसे भेजें।

# पुलिस ने जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया साइबर जागरुकता अभियान

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया साइबर जागरुकता अभियान,लोगों को साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध में किया गया जागरुक। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं व आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए ओ.टी.पी. किसी व्यक्ति को साझा न करने,अनजान वीडियो काल रिसीव न करने, लाटरी /ईनाम के काल, मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने,अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने,किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क,क्वीक सपोर्ट, टीम व्यूवर,स्क्रीन मिरर आदि अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें,सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी तथा साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साइबर फॉड होने पर आनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी तथा



साइबर क्राइम से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायें गये दिशा निर्देशों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया । थाने पर आये जन सामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी।समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया व बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावें में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें।




**आप को नहीं भरोसा: केजरीवाल-सिसोदिया ने**

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आबकारी नीति से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को बदलने का अनुरोध... पढ़ें पेज 12 पर...

# गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद

## शंकराचार्य बोले, हमें कांशीराम जैसे समर्पण की आवश्यकता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लखनऊ में शंखनाद कर गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद कर दिया। आशियाना के कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-धर्माचार्य और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने कहा, आज हमें कांशीराम जैसे समर्पण की आवश्यकता है। उन्होंने कांधे पर झोला टांगकर जन कल्याण की राजनीति शुरू की और अपनी शिष्या मायावती को कई बार मुख्यमंत्री बनाया। बोले, हमें सरकारी संतों की जरूरत नहीं बल्कि असरकारी संतों की जरूरत है। उन्होंने कहा, न्याय के मार्ग पर रहकर शासन करो। कहा, वेद पढ़ने वाले बटुक क्या लाठी और आपके जूते के योग्य थे जो उनके साथ प्रयागराज में अन्याय किया गया। बोले, आपने अपने पंथ को लजवा



दिया। इतिहास में कालिख से आपका कृत्य लिखा जायेगा।

### शंकराचार्य ने पूछा यहां कितने भाजपाई

शंकराचार्य बारी-बारी से लोगों से पूछा कि यहां कितने लोग कांग्रेसी हैं, कितने सपाई, कितने बसपाई हैं और कितने भाजपा वाले हैं? सबसे ज्यादा हाथ भाजपा समर्थकों के उठे। इस पर कहा कि भाजपाई भी हैं तो लोगों ने जवाब दिया कि पहले भाजपाई थे पर अब नहीं हैं। जिस पर शंकराचार्य ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वाले प्रचार कर रहे थे कि हमारा समर्थन कांग्रेसी और सपाई कर रहे हैं लेकिन यहां तो पोल खुल गई। कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जगहों से धर्माचार्य और गो रक्षक मंगलवार को ही लखनऊ में जुट गए। गो रक्षा आंदोलन को लेकर शंकराचार्य इन दिनों चर्चा में हैं और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही तैयारी शुरू कर दी और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध कार्यक्रम में भाग लेने मंगलवार को लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय संत सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि इस कार्यक्रम को रुकवाने की बहुत कोशिशें की गई जो निरर्थक साबित हुई। प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए कई शर्तों के साथ अनुमति दी है।

### गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में जुटीं सनातनी महिलाएं

फैजुल्लागंज क्षेत्र में बुधवार को गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में दर्जनों सनातनी महिलाएं एकत्रित हुईं। इस दौरान महिलाओं ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाते हुए आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान समय में लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ में शुद्धता और परंपराओं का पालन जरूरी है। साथ ही उन्होंने लोगों से गौ संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि गौ, गंगा और गायत्री भारतीय संस्कृति का मूल आधार हैं। यदि देश गो-बध मुक्त बनता है तो भारत पुनः विश्व गुरु के स्वरूप की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कर्मों के आधार पर फल मिलने की मान्यता है, इसलिए प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि वह गौ रक्षा के लिए अपना योगदान दे। कार्यक्रम में अखिलेश अवस्थी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में प्रत्येक गांव में गोचर भूमि दर्ज है, लेकिन अब अधिकांश स्थानों पर यह भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। इसके कारण गौवंश सड़कों और बाजारों में भटकने को मजबूर है। दलजीत कौर ने कहा कि हर सनातनी को गौ रक्षा के लिए आगे आना चाहिए और जहां भी संभव हो, गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का समर्थन करना चाहिए। इस दौरान मौजूद लोगों ने गौ माता के समर्थन में जयकारे लगाए और आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गौरैया संस्कृति संस्थान का होली मिलन समारोह, लोकगीतों से सजी सांस्कृतिक संध्या




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा गोमतीनगर के वास्तुखण्ड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और समाज के लोगों ने भाग लेकर आपसी प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया। संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देना और पारंपरिक लोक संस्कृति को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर सभी ने गिले-शिकवे भुलाकर गीत-संगीत के माध्यम से एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ लोकगायिका विमल पंत, पदमा गिडवानी और रीना टंडन की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान धमार, उलारा, चैती, चौताल, होली, रसिया और जबाबी होली जैसे पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किए गए। खास तौर पर भगवान शिव से जुड़े होली गीतों और रसिया ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर रश्मि उपाध्याय, वीना सक्सेना, रमा सिंह, अमिता द्विवेदी, सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, कुमकुम मिश्रा, माधुरी सिंह, शशि सिंह, किरन दीक्षित, नीलम सचान, शारदा पांडेय, शशि वर्मा, विनिता सिंह, इंदू सारस्वत, अर्पना, अंजली और सुरभि सहित लगभग 40 महिलाएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों में अपनी पारंपरिक संस्कृति और विरासत के प्रति गहरा सम्मान देखने को मिला। आयोजकों ने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियां समाज में एकता और परंपराओं के संरक्षण के लिए बेहद जरूरी हैं।

## अखिलेश बोले, भाजपा के अच्छे दिनों का सिलिंडर खाली, गैस संकट से निपटने में विफल रही सरकार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा के अच्छे दिनों का सिलिंडर खाली हो गया है। उन्होंने कालाबाजारी और पुरानी पासबुक के बहाने सिलिंडर न देने को अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने परिवारों को भुखमरी के कगार पर छोड़ दिया है। सरकार गैस संकट से निपटने में विफल रही है। साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और अन्य अवैध कारोबार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और संसाधनों की लूट चरम पर है। उन्होंने दिल्ली और लखनऊ की सरकारों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध खनन को कोई नहीं देख पा रहा। भाजपा सरकार प्रदेश के संसाधनों को खुलेआम लूट रही है। अवैध खनन, दवाओं का अवैध व्यापार और वनों की कटाई जारी है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। भाजपा की दोहरे इंजन वाली सरकार के इंजन फेल हो गए हैं। आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलिंडर के लिए लंबी लाइनें हैं। कालाबाजारी चरम पर है और भाजपा सरकार झूठे वादे कर रही है।

## उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 115 पदों पर भर्ती, 2 से 22 अप्रैल तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) में 115 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए दो से 22 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। जबकि शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन 29 अप्रैल तक किया जा सकेगा। भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने बुधवार को विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत भर्ती के लिए प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) 2025 स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी शार्ट लिस्ट किए जाएंगे। आयोग ने कहा है कि अभ्यर्थी अपने पीईटी रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ लॉगिन कर आवेदन कर सकेंगे। भर्ती में वैज्ञानिक सहायक के 10, वैज्ञानिक सहायक विशेष चयन के 05, लेखाकार व लेखा परीक्षक के 22, विधि सहायक के 04, प्रयोगशाला सहायक के 02, अनुश्रवण सहायक के 35, अवर अभियंता के 29, अवर अभियंता विशेष चयन के 08 कुल 115 पद हैं। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने कहा है कि अभ्यर्थी को आवेदन के समय विभागों-पदों की वरीयता का विकल्प देना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी सभी संबंधित अर्हता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। सभी वर्ग के अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क 25 रुपये है। लिखित परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट होने वाले अभ्यर्थियों से अलग से शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि दिव्यांग अभ्यर्थियों को अपनी दिव्यांगता श्रेणी को चिह्नित करते हुए अपडेट करना अनिवार्य होगा। भर्ती के लिए आयोग दो घंटे की 100 नंबर की बहुविकल्पीय सवालों पर आधारित परीक्षा आयोजित करेगा। इसमें निगेटिव मार्किंग भी होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि वे आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के बाद ही आवेदन करें।

## दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए रोडवेज की बसों यात्रा फ्री नहीं: जीएम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए परिवहन निगम की बसों से निशुल्क यात्रा की कोई व्यवस्था नहीं है।उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की 14 एवं 15 मार्च को होने वाली लिखित परीक्षा के दौरान परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा किये जाने विषयक भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही है,जो असत्य है।परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार ने बताया कि निगम मुख्यालय स्तर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा किये जाने विषयक किसी प्रकार का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं किया गया है। क्षेत्रीय,सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त भ्रामक सूचना के खण्डन के सम्बन्ध में बस अड्डों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अभ्यर्थियों में निःशुल्क यात्रा सम्बन्धी असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न न हो।

## सचिवालय सत्कार सेवा संस्थान कर्मचारी संघ का चुनाव 19 मार्च को, गुप्त मतदान से होगा चयन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा संस्थान कर्मचारी संघ के आम चुनाव 19 मार्च को गुप्त मतदान के माध्यम से कराए जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय संघ की कार्यकारिणी एवं सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। चुनाव की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सुशील कुमार बच्चा, महामंत्री जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ, को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च को जवाहर भवन स्थित महासंघ भवन में प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शाम 6:30 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। देर रात तक मतों की गणना पूरी कर चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील की है।

## राज्य कर्मचारियों को परेशान कर रही है सरकार: तिवारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अनुमोदित 30 प्रस्तावों में कर्मचारी आचरण नियमावली में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर कर्मचारियों पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है।सरकार कर्मचारियों को लगातार परेशान कर रही है। पहले ही मुख्य सचिव के एक आदेश से 68000 कर्मचारियों का जनवरी से वेतन रोका गया है। कर्मचारी आचरण नियमावली में संशोधन करते हुए दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की किसी भी चल संपत्ति, वाहन ,सोना, निवेश की सूचना तत्काल विभाग अध्यक्ष को देने तथा 6 माह के मूल वेतन से ज्यादा शेयर मार्केट में निवेश पर घोषणा करने का बाध्यकारी परिवर्तन किया जा रहा है। किसी भी नई चल अचल संपत्ति के क्रय करने तथा प्रत्येक वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था आचरण नियमावली में पहले से ही है। इसी व्यवस्था के अंतर्गत प्रवेश के 68000 कर्मचारियों का जनवरी से वेतन रोका गया है।

## बेकार एंबुलेंस गरीब रेहड़ी पटरी संचालकों का भरेगी पेट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सीएम के वेस्ट मैनेजमेंट विजन को मिशन के रूप में रामपुर जिला प्रशासन ने धरातल पर उतारा
- रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को स्थायी ठिकाना, फोटो चुंगी पर 8 वैनशॉप शुरू

योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इस दौरान योगी सरकार ने हमेशा नवाचार को प्राथमिकता दी है ताकि प्रदेश का समग्र विकास हो। इसके नतीजे आज सभी के सामने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर उतारने के लिए रामपुर जिला प्रशासन ने 'जीरो वेस्ट मॉडल' की अनूठी पहल शुरू की है। डीएम रामपुर ने जिले में खराब व निष्क्रिय एंबुलेंस को नया रूप देकर गरीब रेहड़ी पटरी संचालकों को रोजगार के लिए उपलब्ध कराया है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर काफी गंभीर हैं। 'कचरे को समस्या नहीं बल्कि संसाधन के रूप में देखा जाए।' सीएम योगी के इसी विजन को मिशन के रूप में धरातल पर उतारने को जीरो वेस्ट मॉडल की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रामपुर जिलाधिकारी कार्यालय में करीब 8 एंबुलेंस अपनी उम्र पूरी करने के बाद काफी दिनों से खड़ी थीं, जो पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी थीं। ऐसे में इन एंबुलेंस को नया रूप देने की योजना बनायी गयी। निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मॉडिफाई कर वैनशॉप में बदला गया। वेस्ट मैनजमेंट पहल के तहत पुराने और अनुपयोगी सरकारी वाहनों को संशोधित कर आकर्षक मोबाइल दुकानों के रूप में तैयार किया गया। इन मॉडिफाई वैनशॉप को रेहड़ी-पटरी संचालकों को स्थायी रोजगार के लिये उपलब्ध कराया गया। रामपुर नगर क्षेत्र के फोटो चुंगी के समीप प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत विकसित वेंडिंग जोन में 8 वैनशॉप को रेहड़ी पटरी संचालकों को सौंपा गया है। नगर क्षेत्र में लंबे समय से अव्यवस्थित ढंग से फैले ठेलों और रेहड़ी-पटरी के कारण अतिक्रमण और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर इन्हें हटाया जाता था, जिससे इन छोटे कारोबारियों के सामने अपने रोजगार को लेकर असमंजस की स्थिति बन जाती थी। इसी समस्या के समाधान के उद्देश्य से यह अभिनव पहल की गई है। नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मॉडिफाई कर उन्हें वैनशॉप के रूप में परिवर्तित किया गया है और फोटो चुंगी के पास एक सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किया गया है। वेंडिंग जोन में मोबाइल शॉप के माध्यम से कपड़े, खाने-पीने की वस्तुएं, फास्ट फूड, बच्चों के खिलौने और दैनिक उपयोग की वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। स्थानीय लोगों के लिए यह स्थान छोटे बाजार के रूप में विकसित हो रहा है, जहां उन्हें चीजें आसानी से मिल सकेंगी।

## यूपी रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार ने बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लागू की जा रही इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में सात श्रेणी के लाभार्थियों को ध्यान में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां नैफेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। छह माह से एक वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन का हलवा मीठा दिया जाएगा। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को भी आटा-बेसन हलवा ममीठा मिलेगा, जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन बर्फी मीठा और दलिया-मूंग-सोया खिचड़ी नमकीन दी जाएगी। गर्भवती और धात्री महिलाओं को आटा-बेसन-सोया बर्फी और दलिया-मूंग-दाल खिचड़ी उपलब्ध कराई जाएगी।अतिकुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का प्रावधान रखा गया है। इसके अंतर्गत 6 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा, 1 वर्ष से 3 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा 'बाल संजीवनी' तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा एवं पौष्टिक दलिया उपलब्ध कराया जाएगा। यह रेसिपी आधारित व्यवस्था बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेसिपी के पोषण मानकों में भारत सरकार के मानकों के अनुरूप कैलोरी और प्रोटीन के साथ-साथ 11 अन्य आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को शामिल किया गया।

### लोक अदालत: न किसी की जीत न किसी की हार, केवल सम्मान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** इस बार साल 2026 की पहली लोक अदालत लगने जा रही है। यदि अदालतों के चक्कर काटकर थक चुके हैं या किसी पुराने कानूनी विवाद से तुरंत छुटकारा पाना चाहते हैं तो 14 मार्च खास मौका है। देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इस मंच पर आपसी सहमति के जरिए लंबे समय से लंबित मामलों को बहुत कम समय में सुलझाने का अवसर मिलता है। यहां कई विवादों का निपटारा मिनटों में कर दिया जाता है, जिससे लोगों को जल्दी न्याय मिलने में मदद मिलती है। लोक अदालत एक ऐसी जगह है जहां न तो किसी की जीत होती है और न ही किसी की हार बल्कि दोनों पक्ष सम्मानजनक समझौते के साथ हाथ मिलाते हैं। अब आप बैंक लोन रिकवरी, बिजली बिल विवाद, चेक बाउंस और छोटे-मोटे सिविल मामलों के लिए यह गोल्डन अवसर है, जहां बिना किसी कानूनी फीस के बोझ हल्का कर सकते हैं। किसी बैंक से लोन लिया है और किश्तें नहीं चुका पा रहे हैं तो ल यहां आकर वन टाइम सेटलमेंट के जरिए अपना खाता बंद करवा सकते हैं। बिजली और पानी से जुड़े पुराने बकाया बिलों या चोरी से संबंधित मामलों में भी इस दिन राहत मिल सकती है। ऐसे मामलों में आपसी सहमति से समझौता कर भारी छूट के साथ भुगतान करने का अवसर दिया जाता है। इससे लोगों को अपने पुराने विवाद और बकाया आसानी से निपटाने में मदद मिलती है।

## एक रनवे के साथ संचालित होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तेजी से अपने संचालन की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य संपन्न हो गया है। शेष कार्य 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। औसतन प्रतिदिन करीब 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान लगाया गया है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, एयरपोर्ट पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब 7 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा।जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। परियोजना के पूर्ण होने पर इस एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे होंगे और इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 11,750 एकड़ तक पहुंच जाएगा। अंतिम रूप से तैयार होने के बाद एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 30 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल हो सकता है। परियोजना के साथ क्षेत्र में व्यापक आर्थिक और औद्योगिक विकास की भी उम्मीद जताई जा रही है। एयरपोर्ट के आसपास लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।प्रदेश सरकार का मानना है कि जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। इसके संचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा। विशेषज्ञों के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश और व्यापार के नक्शे पर और मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सजावटी मछली पालन से वंचित समुदायों को नई आजीविका की राह, आईसीएआर-एनबीएफजीआर का कौशल विकास कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आईसीएआर-एनबीएफजीआर (राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो) द्वारा झारखंड के गुमला स्थित कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के सहयोग से सजावटी मछली पालन के क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर समाज के वंचित समुदायों को आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के पुरुषों और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया। यह पहल केंद्र प्रायोजित अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के मिशन नवशक्ति घटक के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जहां पारंपरिक कृषि अक्सर पर्याप्त आजीविका प्रदान नहीं कर पाती। भारत में सजावटी मत्स्य पालन क्षेत्र तेजी से उभर रहा है। एक्वेरियम सेटअप, सजावटी मछलियों और संबंधित उपकरणों की घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है, साथ ही निर्यात की भी व्यापक संभावनाएं हैं। कम प्रारंभिक निवेश में यह क्षेत्र स्थिर आय का बेहतर माध्यम बन सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक चरण तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के रूप में आयोजित हुआ। इस प्रक्रिया में कुल 100 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। क्लस्टर आधारित मॉडल अपनाते हुए गुमला को प्रशिक्षण केंद्र बनाकर आसपास के क्षेत्रों तक इसके लाभ को विस्तार देने का प्रयास किया गया, जिससे प्रतिभागी सजावटी मछली पालन में सूक्ष्म उद्यम शुरू कर सकें। कार्यक्रम के पहले चरण में एक प्रेरक अवसर तब आया जब केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती



राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने लखनऊ स्थित संस्थान का दौरा किया और 30-40 वर्ष आयु वर्ग की 25 महिला प्रशिक्षुओं से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। ये महिलाएं बोकारो जिले के गुमिया ब्लॉक के सात स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं। प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव मिला है, जिससे वे सजावटी मछली पालन को एक सफल उद्यम के रूप में आगे बढ़ाने के लिए आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के एसोसिएट डीन डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रशांत जना और डॉ. के.एस. विस्डम तथा आईसीएआर-एनबीएफजीआर के एससीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. पूनम जयंत सिंह और डॉ. ए.के. पाठक द्वारा संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, संवादात्मक विचार-मंथन सत्र और झारखंड की पारंपरिक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मत्स्य पालन क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसमें गुमला की जिला मत्स्य अधिकारी कुसुमलता, मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक दिव्या गुलाब बा, सिमडेगा की डीएफओ सीमा टोप्पो और लातेहार की डीएफओ स्वर्णलता मधु लकरा भी मौजूद रहीं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों को नई आजीविका के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# योगी सरकार की योजना से गुंजन बनीं आत्मनिर्भर, बेकरी व्यवसाय से बदली जिंदगी

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में जनपद के ग्राम पंचायत सिकरोहर की निवासी गुंजन देवी ने बेकरी व्यवसाय शुरू कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गुंजन देवी तुलसी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं, जो गगन महिला ग्राम संगठन तथा संस्कृति प्रेरणा महिला संकुल समिति (सीएलएफ) के अंतर्गत कार्य करता है। कोविड-19 महामारी के दौरान उनके पति की नौकरी चली जाने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया था। ऐसे कठिन समय में उन्होंने आत्मनिर्भर बनने का निर्णय लिया और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) के माध्यम से उन्हें व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिला। बीआरसी में सीआरपी-ईपी के रूप में कार्यरत सरिता देवी के मार्गदर्शन में गुंजन देवी को 40 हजार रुपये का ऋण मिला, जिसमें 20 हजार रुपये स्वयं जोड़कर तथा अपनी एक लाख रुपये की बचत लगाकर उन्होंने दिसंबर 2022 में बेकरी व्यवसाय की शुरुआत की।

शुरुआत में कई चुनौतियां आईं, लेकिन पति के सहयोग और अपनी मेहनत से उन्होंने कच्चे माल की खरीद, उत्पाद निर्माण और विपणन की प्रक्रिया को समझते हुए स्थानीय दुकानदारों के साथ संपर्क स्थापित किया। धीरे-धीरे उनके उत्पादों की मांग बढ़ती गई और उनका ग्राहक आधार भी मजबूत होता गया।

वर्तमान में गुंजन देवी का मासिक कारोबार लगभग 1.50 लाख से 1.80 लाख रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें से उन्हें 15 से 20 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने एसवीईपी योजना के तहत लिए गए ऋण का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा भी चुका दिया है। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

गुंजन देवी का कहना है कि भविष्य में वह अपने बेकरी व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं, ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके और अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और एसवीईपी जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। गुंजन देवी की सफलता इस बात का प्रमाण है कि उचित मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग मिलने पर महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

# नो स्मोकिंग डे के अवसर पर गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा के निर्देशन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ष्नो स्मोकिंग डेष् के अवसर पर गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान, का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डा0 अरुण कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीध्नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 4 सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू धूम्रपान निषेध परिसर के बारे में बताया गया।

पूनम यादव, जिला परामर्शदाता, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जन-मानस में तम्बाव तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी किया जा रहा है। जिसके परिणाम बहुत ही गम्भीर है, तम्बाकू का धुआँ रहित या धुएं के साथ दोनों तरह का उपयोग समाज के लिए हानिकारक है। जिनमें मुख्यतः युवाओं को तम्बाकू के कुप्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें धुम्रपान न करने हेतु प्रोत्साहित किये जाने की मुख्य भूमिका है। साथ ही युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं हानियों के प्रति जागरूकता लाये जाने के साथ-साथ उनके आस-पास तम्बाकू प्रयोग कर रहे लोगों को तम्बाकू सेवन छोड़ने हेतु प्रोत्साहित किये जाने की जिम्मेदारी देकर उन्हें इस तरह के तम्बाकू सेवन से बचाया जा सकता है।

कार्यशाला में समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को उनके स्वयं के परिसर को तम्बाकू मुक्त परिसर बनाये रखने के साथ-साथ मरीजो को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अरविन्द कुमार, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 अम्बिका प्रसाद, जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी डी0एस0 अस्थाना, डी0पी0एम0 राकेश कुमार सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहें।

# जनपद में गैस सिलेंडर की कमी नहीं, सर्वर समस्या से ओटीपी में देरी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैली अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्पष्ट किया है,कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। हाल के दिनों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में जो परेशानी हुई,उसका मुख्य कारण ओटीपी वन टाइम पासवर्ड से जुड़ी तकनीकी समस्या रही है।इस वजह से गैस वितरण की प्रक्रिया में देरी हुई।और उपभोक्ताओं को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़े।दरअसल गैस सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाता है।ओटीपी की पुष्टि होने के बाद ही डिलीवरी पूरी मानी जाती है। लेकिन सर्वर में आई तकनीकी खराबी के कारण कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी समय पर नहीं पहुंच सका।परिणामस्वरूप डिलीवरी प्रक्रिया बाधित हो गई और उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा।इस बीच खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर एलपीजी की संभावित कमी की अफवाहें भी फैल गईं। इन अफवाहों के कारण बड़ी संख्या में लोग एक साथ गैस एजेंसियों पर पहुंच गए, जिससे व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया। कई उपभोक्ताओं ने तीन-चार दिनों तक एजेंसियों के बाहर इंतजार किया और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा।जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, जिले में कुल 32 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं।और प्रतिदिन लगभग 5700 से 5800 गैस सिलेंडरों की खपत होती है। उन्होंने बताया कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।और ओटीपी से जुड़ी तकनीकी समस्या को भी ठीक कर दिया गया है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

# एमएलके कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर का तीसरा दिन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बुधवार को स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया ।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा कल्पना चावला इकाई के पदाधिकारी डॉ अनामिका सिंह के संयोजकत्व में प्राथमिक विद्यालय ( बिजलीपुर प्रथम में) 09 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रथम सत्र में घर घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे - स्वास्थ्य, शिक्षा ,रोड ,नाली शौचालय, साफ सफाई ,नशा ,धूम्रपान तथा पर्यावरण संरक्षण आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिंदुओं पर घर घर जाकर सर्वे किया गया। उक्त सर्वेक्षण के लिए छ टोलियों का गठन किया गया । टोलियों का नेतृत्व क्रमशः आशीष सोनी , शिवा, काजल, लालजी तथा सलोनी द्वारा किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । सरस्वती वंदना सलोनी तथा प्रियांशी ने प्रस्तुत किया । स्वागत गीत आंचल तथा सलोनी ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत लालजी तथा दिलीप ने प्रस्तुत किया तथा रिपोर्ट खुशी शुक्ला ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का परंपरागत ढंग से स्वागत किया। डॉ शुक्ल ने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं से कहा कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य समुदायिक विकास एवं सामुदायिक चेतना को बढ़ाना है। साथ ही साथ हमे आस-पास साफ़ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए और धूम्रपान से स्वयं दूर रहते हुए दूसरों को भी इससे दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। उक्त कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संयुक्त हॉस्पिटल बलरामपुर के स्वास्थ्य




टीम डॉ ऋषि श्रीवास्तव के नेतृत्व मे स्वास्थ्य एवं सरकारी सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी।डॉ ऋषि श्रीवास्तव ने धूम्रपान से लोगों को होने वाले हानियों के बारे मे जानकारी दी। डॉ सूर्यमणि तिवारी ने सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न सुविधाओं के बारे मे संक्षेप में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी तरह के स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्या के लिए हमे 102 अथवा 108 नंबर पर डायल करके स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेना चाहिए। साथ ही साथ हमे लोगो को भी जागरूक करते रहना चाहिए। डॉ मोनिका ने बताया कि हमे अपने इच्छा शक्ति को दृढ़ रखना चाहिए तथा योग के द्वारा अपने को स्वस्थ रखना चाहिए। डॉ दिलीप ने मानसिक रोग से सम्बन्धित समस्या के लिए 14416 का प्रयोग करते हुए तनाव से मुक्त रहना चाहिए।डॉ प्रीति ने धूम्रपान निषेध पर बल देते हुए बताया कि जीवन शैली में सुधार करके हम बहुत सारे गैर संचारी रोगों से बच सकते है साथ ही साथ धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया तथा धूम्रपान न करने के लिए शपथ दिलाई गई ।उक्त कार्यक्रम के तृतीय सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में ( पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग)प्रो जे पी तिवारी ने जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि हमारे अस्तित्व,कृषि, पेयजल आपूर्ति एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए जल संरक्षण अतिआवश्यक है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को बताया कि ऐसे शिविरो से छात्र छात्राओ को एक दूसरे को समझने का अवसर प्राप्त होता है तथा उनके मानवीय मूल्यों का निर्माण होता है तथा गांव से जुड़ी हुई अनेक समस्याओं से सामना करने का अवसर मिलता है जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र को अपनी सेवाएं देने में सक्षम होते है।उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राम कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे मे संक्षिप्त में जानकारी दी । इस अवसर पर प्रो विमल वर्मा , प्रो रेखा विश्वकर्मा ,डॉ एस के त्रिपाठी , डॉ स्वदेश भट्ट , डॉ सुनील शुक्ला ,डॉ कृतिका त्रिपाठी, डॉ वंदना सिंह डॉ अनुज सिंह , मणिका मिश्रा सुधा ,मनीष , अर्चना तथा धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे । धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनामिका सिंह ने प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक समारोह में 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।इस आयोजन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।इस सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। इनमें 288 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया,जबकि 20 मुस्लिम जोड़ों का निकाह धार्मिक परंपराओं के अनुरूप मौलवी की मौजूदगी में कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सहयोग प्रदान करना रहा।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री और तिलोई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे।उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है,जो बेटियों के विवाह में आने वाले आर्थिक बोझ को कम करने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।सामूहिक विवाह समारोह के दौरान प्रशासन की ओर से नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता और आवश्यक गृहस्थी सामग्री भी प्रदान की गई। इस योजना के माध्यम से सरकार समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग देने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत कर रही है। यह आयोजन जिले में सामाजिक एकता और सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।

## 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आवेदकों का साक्षात्कार 13 मार्च को

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद विशेष हेतु चिन्हित काष्ठ कला (वुड वर्क) उत्पाद से सम्बन्धित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण, क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस्ड ट्रेनिंग संपादित कराया जाना है। यह योजना मा0 मुख्यमंत्री जी प्राथमिकता बिन्दुओं में से एक है जिसमें प्रशिक्षार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है, जिसके ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त आवेदकों का साक्षात्कार किया जाना है। उन्होंने सभी आवेदकों से कहा है कि 13 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# पूनम सिंह ने रोजा इफ्तार व होली मिलन समारोह में की शिरकत, दिया सौहार्द का संदेश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय पूनम सिंह ने शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया। शहर के धुन्नी सिंह नगर में अरशद अली के निवास पर आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पूनम सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने सभी मातृशक्तियों के साथ रोजा इफ्तार किया और रमजान के पवित्र माह में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करने की बात कही। इसके पश्चात पूनम सिंह रायबरेली के रिफॉर्म क्लब में अविनाश सिंह (दीपू) एवं विवेक मिश्रा (पल्लू) द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में आपसी मेलजोल तथा एकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, विद्याभवन, लखनऊ के निर्देश के क्रम में विकास क्षेत्र राही, रायबरेली का ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, रायबरेली में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा को लोकेटेड आगनबाड़ी केन्द्रों पर बढावा देने के लिये है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा0 सत्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रा0वि0 राजापुर, प्रा0वि0 बेहटा खुर्द, प्रा0वि0 कोडर जहानपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उ0प्रा0वि0 सराय मुगला के छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश रमण त्रिपाठी, ए0आर0पी0 राही, रायबरेली द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्री प्राइमरी विद्यालयों में भेजने एवं सम्य-समय पर आयोजित विद्यालीय बैठकों में प्रतिभाग करने की अपील करते हुए जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोडने के लिये प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों को पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। चहक कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले वंदना प्रा0वि0 दिल्लीहार, ललिता बाजपेयी प्रा0वि0 दरियापुर व बंदना प्रा0वि0 राजापुर, अंजुल यादव प्रा0वि0 विनोहरा, शिवानी सिंह प्रा0वि0 बेहटाखुर्द, तृप्ति चौहान प्रा0वि0 भैदपुर, कल्पना प्रा0वि0 एकौना, अनुराग राठौर कपो0वि0 कचौदा मो0पुर, प्रीती वर्मा प्रा0वि0 पुरे जमुनिहा, जावित्री यादव प्रा0वि0 बेला भेला, शिवकली गोंदवारा, श्यामलली राजापुर व वंदना श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहटा खुर्द को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, आशीष कुमार साहू, दिलीप कुमार अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, राजकुमार त्रिपाठी, जतिन मौर्या, गिरजा शंकर, अमृतलाल आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, समस्त नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

## गैस की किल्लत के लिए मोदी जिम्मेदार – ओपी यादव

**रायबरेली।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा है कि एल.पी.जी. गैस की किल्लत के लिए देश के प्रधानमंत्री की नीतियां जिम्मेदार हैं। यादव ने भारत के राष्ट्रपति को फैक्स भेजकर मांग किया है कि वर्तमान समय में एल.पी.जी. गैस की समय पर उपलब्धता न होना आम जनता के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है। घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में अत्यधिक विलंब और अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल आम नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि सरकार की व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। घरेलू रसोई गैस, जो कि आज हर परिवार की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है, उसकी आपूर्ति में निरंतर बाधा उत्पन्न होना अत्यंत चिंताजनक है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को कई–कई दिनों तक गैस सिलेंडर के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर गैस एजेंसियों द्वारा पारदर्शिता के अभाव, वितरण में अनियमितता तथा कालाबाजारी जैसी शिकायतें भी सामने आ रही हैं और अपने ठण्डे चूल्हों को गैस के अभाव में गर्म करने के लिए ऐसी परिस्थिति में आम नागरिकों को मजबूर होकर वैकल्पिक और असुविधाजनक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य, समय और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि संबंधित विभाग और सरकार इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु अपेक्षित तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। यही नहीं इस कार्मशियल गैस के अभाव के कारण देश का होटल उद्योग भी लगभग पचास प्रतिशत से ऊपर बन्द हो चुका है, यदि यही स्थिति रही तो दो–चार दिनों में पूरा होटल उद्योग बन्द हो जाएगा, जिससे आम जनमानस को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

# 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्फ्लुवेरा अवॉड्र्स नाइट एवं सम्मान समारोह का आयोजन'

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरेक्ट क्लब रायबरेली इलाइट एवं शुक्ला विकास खादी ग्रामोद्योग संस्था द्वारा शहर के एक होटल में इन्फ्लुवेरा अवॉड्र्स नाइट का भव्य रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिमहैंस हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मनीष सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका इलियास मन्नी भाई, कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह, अंतरराष्ट्रीय कवि मारूफ खान, लखनऊ से आए रोट्रेक्ट रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान वरिष्ठ रोटरैक्ट अधिकारी तैय्यब जमील, भाजपा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष तथा अन्य महिला पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में फुटवियर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट से प्रवक्ता आयुषी श्रीवास्तव, हेमकुंड स्कूल




की प्रिंसिपल आस्था सिंह, किड्स फन स्कूल से पूजा श्रीवास्तव, नैनो किड्स स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही रायबरेली जिला न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर शुक्ला विकास खादी ग्रामोद्योग संस्था की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सारिका शुक्ला तथा रोटरेक्ट क्लब रायबरेली इलाइट के अध्यक्ष तारिक खान ने सभी अतिथि एवं प्रतिभागी महिलाओं को बुके, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. मनीष सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं पूर्व चेयरमैन इलियास मन्नी भाई ने भी अपने हाथों से प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो प्रदान कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। पूनम सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तारिक खान का आभार व्यक्त किया तथा अंतरराष्ट्रीय शायर मारूफ खान को भी विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर की कई संस्थाओं से जुड़ी प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें राजकुमारी सिंह, विमलेश मिश्रा, प्रियंका कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।



## फैंस के साथ सेल्फी ले रही थीं

# हिना खान

## बाल-बाल बचीं, वरना हो जाता बड़ा हादसा

हिना खान टीवी की दुनिया का बड़ा नाम हैं. उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया है और लोगों के दिलों में बेहद ही खास जगह बनाई है. वो जहां भी जाती हैं वहां उनके चाहने वालों की भीड़ लग जाती है. रमजान के इस पवित्र महीने में वो हाल ही में मुंबई में एक इफ्तार पार्टी में शामिल होने पहुंचीं. हालांकि, उस दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि वो बाल-बाल बच गईं, वरना उनके साथ बड़ा हादसा हो जाता.हिना जब पार्टी में पहुंचीं तो वहां भारी तादादा में उनके फैंस नजर आए. हिना ऊपर स्टेज पर थीं. वहीं स्टेज के नीचे काफी सारे लोग खड़े थे. हिना स्टेज के ऊपर से उन सभी के सेल्फी ले रही थीं. उस दौरान वो बिल्कुल स्टेज के किनारे पर आ गईं और उनका बैलेंस बिगड़ गया. हिना ने खुद को संभाल लिया. साथ ही स्टेज पर किसी ने उनका हाथ पकड़ लिया और वो गिरने से बच गईं. वरना वो स्टेज से नीचे गिर सकती थीं और बड़ हादसा हो सकता था.



**17 सालों का करियर**

हिना खान जब अपनी कार से उतरकर स्टेज पर जा रही थीं उस दौरान का भी उनका वीडियो सामने आया, जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस उन्हें देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं. सभी अपने फोन में उनकी तस्वीरें क्लिक कर रहे हैं. हिना भी फैंस से मिल रहे इस प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं. हिना ने अपने 17 सालों के करियर में खूब पॉपुलैरिटी कमाई है. उन्होंने साल 2009 में टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के जरिए अपना करियर शुरू किया था.

**हिना खान ने किया था अक्षरा का रोल**

इस सीरियल में उन्होंने अक्षरा का रोल प्ले किया था, जिसके जरिए वो घर-घर में फेमस हो गईं. उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और टीवी के साथ-साथ फिल्मों में भी काम किया. वो 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे टीवी शोज का भी हिस्सा रही हैं. हिना खान की सोशल मीडिया पर भी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर उन्हें लगभग 2 करोड़ लोग फॉलो करते हैं. हिना सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने तमाम फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं.

## बराबरी नहीं होती तो बदनामी...

# श्रेया घोषाल

## ने पंजाबी गानों का उड़ाया मजाक, बयान से नाराज फैंस ने किया ट्रोल



श्रेया घोषाल म्यूजिक इंडस्ट्री का चर्चित नाम है, उनकी आवाज के जादू ने हर किसी को दीवाना बनाया हुआ है. इस वक्त श्रेया सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही हैं, लेकिन इसकी वजह उनका कोई गाना नहीं है. बल्कि हाल ही में श्रेया एक पॉडकास्ट का हिस्सा थीं, इस पॉडकास्ट का एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें सिंगर ने पंजाबी गानों के बारे में बात करते हुए उसका मजाक उड़ाया है और उनकी वीडियो से काफी लोगों ने सहमति भी जताई है, तो वहीं कुछ ने उन्हें ट्रोल भी किया है.श्रेया घोषाल ने कई गानों को अपनी आवाज के जरिए लोगों के बीच पॉपुलर बनाया है, श्रेया का नाम टॉप सिंगर्स में गिना जाता है. हाल ही में सिंगर ने पंजाबी गानों को लेकर बात की, उन्होंने कहा कि पंजाबी गानों में कार, बंगला और लड़कियों की बात ही होती है. इसके अलावा श्रेया घोषाल ने हाथ से इशारे कर सिंगरों के स्टाइल का भी मजाक बनाया. श्रेया ने कहा कि ज्यादातर पॉपुलर गानों का सब्जेक्ट भी एक जैसा ही होता है. श्रेया का यह वीडियो सामने आते ही वो पंजाबियों के टारगेट पर आ गईं.


पंजाबियों के टारगेट पर श्रेया

**कार-बंगले के जिक्र पर कही बात**

सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करते हुए पंजाबियों ने कहा कि उनके सॉन्ग नहीं चल रहे तो इसकी वजह से वह ऐसा कह रही हैं. पंजाबियों ने मेहनत कर कार-बंगले बनाए हैं, जब बराबरी नहीं होती तो बदनामी शुरू कर दो. पॉडकास्ट में श्रेया घोषाल ने कहा, ये कहने के लिए माफ करना, लेकिन कई पंजाबी गाने हैं, जो बहुत अच्छे चल रहे हैं. उनमें वह क्या बोलते हैं, खासकर जो सॉन्ग पॉपुलर हैं, उनमें गाड़ी, बंगला, लड़की और हाथ से इशारे होते हैं.

**कुछ ने किया श्रेया को सपोर्ट**

पंजाबी गानों में अक्सर धन-दौलत और अपनी ताकत का दिखावा किया जाता है, जो आज के युवाओं के बीच बहुत प्रचलित है. उन्होंने आगे कहा कि ये गाने इसलिए ज्यादा सुने और पसंद किए जाते हैं, क्योंकि इनकी धुन बहुत अच्छी होती है और साथ ही इसमें दिखावे का एक आकर्षण होता है. श्रेया की बात पर कुछ लोगों ने हामी भी भरी है. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है कि वो साफतौर पर बोल नहीं पा रही हैं, तो उनकी जगह मैं बोलती हूं कि पंजाबी गाने वल्गर होते हैं.

## सलमान खान के गाने पर ऐश्वर्या राय ने पति अभिषेक संग लगाए ठुमके


ऐश्वर्या राय ने लूटी महफिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्य राय बहुत कम किसी इवेंट में स्पॉट की जाती हैं, लेकिन जहां भी वो जाती हैं महफिल में चार चांद जरूर लगा देती हैं. हाल ही में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन एक शादी में शामिल हुए. इस सेरेमनी का एक इनसाइड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस बिजनेस टाइकून मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी के साथ सलमान खान के पॉपुलर गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर डांस करती दिख रही हैं. इस वीडियो में नीता अंबानी, अभिषेक और ऐश्वर्या के साथ दूसरे लोग भी गाने पर दिल खोलकर डांस कर रहे हैं.

नीता अंबानी हल्के ग्रीन रंग के लहंगे में बहुत खूबसूरत लग रही थीं, जिस पर बारीक कढ़ाई की गई थी. वहीं, अभिषेक बच्चन नीले सूट के साथ सफेद पैंट में हैंडसम लग रहे थे. ऐश्वर्या राय डार्क ब्लू कलर के अनारकली में बहुत खूबसूरत लग रही थीं. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऐश्वर्या और अभिषेक सलमान की 2007 की फिल्म 'सलाम-ए-इश्क' के टाइटल ट्रैक पर एक साथ थिरकते हुए दिखे.

**ऐश्वर्या और अभिषेक का वीडियो**

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन का ये वायरल वीडियो मुंबई में मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी के वेडिंग सेलिब्रेशन का बताया जा रहा है.

इस वीडियो में नीता अंबानी, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय जमकर मस्ती करते हुए नजर आए. जहां ऐश्वर्या और अभिषेक की केमिस्ट्री कमाल की थी, वहीं नीता अंबानी की एनर्जी ने महफिल लूट ली. फैंस के लिए ये मूमेंट इसलिए भी खास था क्योंकि ऐश्वर्या अपने एक्स-बॉयफ्रेंड सलमान खान के गाने पर अपने पति अभिषेक के साथ पूरी मस्ती में झूमती दिखीं.

इससे पहले ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन, क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और एंटरप्रेन्योर सानिया चंडोक की शादी में शामिल हुए थे, जो 5 मार्च 2026 को मुंबई में हुई थी. उस दिन ऐश्वर्या ने हैवी कढ़ाई वाला हल्के नीले रंग का सूट सेट चुना. इस बीच अभिषेक बच्चन अपनी लेडी लव के साथ सफेद पैंट और ब्लैक सूट में नजर आए. दोनों ने पैपराजी को पोज भी दिए, जिसके कई वीडियोज-फोटोज भी सामने आए थे.

## राज एंड डीके की फिल्म में सलमान खान के साथ बनेगी समांथा रुथ प्रभु की जोड़ी


समांथा और सलमान की जोड़ी

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' पर काम कर रहे हैं. बीते दिनों खबर आई थी कि सलमान खान जानी-मानी हिट फिल्ममेकर जोड़ी राज और डीके के साथ कोलेबोरेट करने का प्लान बना रहे हैं. सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया कि सुपरस्टार अपनी आने वाली सुपरहीरो फिल्म के लिए डायरेक्टर्स के साथ शुरुआती बातचीत कर रहे थे. हालांकि, बातचीत अभी भी कॉन्सेप्ट स्टेज पर है, लेकिन इस अपडेट ने सलमान के फैंस को एक्साइटेड कर दिया. राज और डीके के साथ सलमान के इस कोलेबोरेशन पर अब लेटेस्ट अपडेट सामने आया है. पता चला है कि इस सुपरहीरो फिल्म में सलमान के साथ साउथ की एक टॉप एक्ट्रेस को कास्ट करने के बारे में सोचा जा रहा है.

रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान पिछले तीन महीने से राज और डीके के साथ एक बड़े बजट की फिल्म के लिए बात कर रहे हैं, जिसमें सलमान सुपरहीरो के रोल में नजर आएंगे. कहा जा रहा है कि सलमान खान को ये आइडिया बहुत पसंद आया है. वो राज और डीके के पूरे स्क्रीनप्ले का इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच अब खबर सामने आई है कि राज की पत्नी और एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु को सलमान खान के अपोजित इस फिल्म के लिए कंसीडर किया जा रहा है.

**सलमान खान और समांथा रुथ प्रभु की जोड़ी**

मिड डे ने अपनी एक रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया कि राज और डीके के साथ सलमान के आने वाले प्रोजेक्ट के लिए समांथा का नाम सबसे आगे है. इसी रिपोर्ट में आगे बताया गया कि समांथा से बातचीत हो रही हैं. मेकर्स के साथ उनकी अच्छी क्रिएटिव इक्वेशन है और उन्हें लगता है कि वो इस रोल के लिए फिट हैं. इससे पहले समांथा ने राज और डीके के साथ उनकी हिट Amazon Prime Video सीरीज 'द फैमिली मैन' और 'सिटाडेल-हनी बनी' के दूसरे सीज़न में काम किया था. ऐसे में अगर उनकी सुपरहीरो फिल्म पर बात बनती है, तो ये हिट फिल्ममेकर जोड़ी के साथ उनका रीयूनियन होगा.

**सलमान का राज एंड डीके संग पहला काम**

दिलचस्प बात ये है कि अगर रिपोर्ट्स सच होती हैं, तो ये प्रोजेक्ट राज और डीके के साथ सलमान का पहला प्रोजेक्ट होगा. ये डायरेक्टर जोड़ी मनोज बाजपेयी की 'द फैमिली मैन' के तीन सीजन, शाहिद कपूर की 'फर्जी', वरुण धवन और समांथा की 'सिटाडेल: हनी बनी' और 'गन्स एंड गुलाब्स' जैसे वेब शो बनाने के लिए जानी जाती है.

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हिमाचल प्रदेश में भुला दिया गया खरपतवार उन्मूलन

**सरकार ने यह सोचा था कि यह अपने स्तर पर ही एक सफल उद्योग के रूप में स्थापित हो सकेगा, किन्तु बायोचार या ब्रिकेट्स बनाने के बाद जिस बाजार में वह उत्पाद बेचना पड़ता है उसका भाव लाभदायक नहीं मिलने के कारण वे उद्योग बंद पड़ गए हैं। यदि चरागाह विकास और वनों में आग नियंत्रण के कार्य को इससे जोड़ कर देखा जाए तो इन उद्योगों को सरकार द्वारा कच्चा माल उपलब्ध करवा कर उद्योग को भी सफल बनाया जा सकता है और कुछ बोझ निजी कंपनियां भी उठा सकती हैं। मनरेगा ( वीबी जी राम जी ) कार्यक्रम को भी इस गतिविधि से जोड़ा जा सकता है।**

*हिमाचल प्रदेश की 80-85% आबादी कृषि से जुड़ी है। खेती की जोत बहुत छोटी होने के कारण पशुपालन और दस्तकारी प्राचीनकाल से लोगों की जीविका का आधार रहा है। पिछले कुछ दशकों से पशुपालन सरकार और वन विभाग की गलत नीतियों के चलते लगातार यह क्षेत्र अनदेखी का शिकार हो रहा है। परिणाम स्वरूप बहुत से लोग पशुपालन से तौबा कर चुके हैं। अत्यधिक चीड़ रोपण और लेंटाना आदि खरपतवारों के फैलने से प्रदेश की 2 लाख 35 हजार हेक्टेयर चरागाह और वन भूमि खरपतवारों की चपेट में आकर अनुत्पादक हो चुकी है। खरपतवारों ने केवल स्थानीय घासों को ही नष्ट नहीं किया बल्कि प्रदेश की बहुमूल्य जैव-विविधता को भी खतरे में डाल दिया है। इसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हुआ है। पशुपालन के लिए प्रदेश के किसानों को पंजाब से महंगी तूड़ी या पराली लाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के पास 67% वन भूमि है, जिसके अधिकांश भाग में चारा उपलब्ध होता रहा है। किन्तु व्यापारिक वानिकी के चलते और खरपतवार के फैलने से प्रदेश चारे के अकाल जैसी स्थिति से जूझ रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि पहाड़ों में पशुपालन खुले चरागाहों में चुगान करने पर निर्भर रहा है। इससे पशुपालन की लागत कम आती थी। पशु को धन की संज्ञा दी गई थी. किन्तु अब महंगे चारे ने पशुपालन व्यवसाय को खतरे में डाल दिया है। अन्य सुविधाएं चाहे कितनी भी दी जाएं, जब तक भरपेट सस्ता चारा उपलब्ध नहीं होगा तबतक पशुपालन की हालत दयनीय ही रहेगी। इसका परिणाम बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के झुंडों के रूप में सामने आ रहा है। हमारी योजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों की समझ के आधार पर बनती हैं, जिससे एक काम बनता है तो दूसरा बिगड़ जाता है। भूमि उपयोग से जुडी योजनाएं भूमि पर आधारित सभी आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं की समझ पर समग्र दृष्टि से बनाई जानी चाहिए। प्रदेश की अधिकांश भूमि तो वन विभाग के प्रबन्धन में है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बनती है की वन, कृषि, पशुपालन, बागवानी और जलवायु प्रबन्धन की जरूरतों को देखते हुए सर्व समावेशी योजना बनाने की वकालत करें। पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार ने खरपतवार उन्मूलन के प्रति दृढ़ता का परिचय देते हुए व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का साहस दिखलाया है, जिससे पशुओं और वन्य प्राणियों को भी पर्याप्त घास मिल सके। तमिलनाडु उच्च न्यायालय ने भी इस मुद्दे का संज्ञान लिया है और आदेश दिया है कि यह कार्य खरपतवार काटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उखाड़ कर वहां स्थानीय घास लगाकर चरागाह विकसित करके स्थानीय पारिस्थितिकीय संतुलन को स्थापित किया जाना चाहिए। इस प्रक्रिया को टिकाऊ बनाने के लिए स्थानीय समुदायों को भी जोड़ने का काम किया गया है। वह मॉडल हिमाचल प्रदेश के लिए भी उपयुक्त हो सकता है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में इस कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवा कर गतिविधि को सहज बनाने के लिए निजी उद्योगों को भी जोड़ा है। लेंटाना से बायोचार (एक तरह का कोयला) बना कर बेकार खरपतवार का उपयोग किया जा रहा है। हिमाचल में भी चीड़ की पत्तियों और लेंटाना जैसी खरपतवारों के पेलेट्स बनाकर उपयोग किये जा सकते हैं। हालांकि हिमाचल में इस तरह के कुछ प्रयास हुए भी हैं किन्तु वे सफल नहीं हो सके, क्योंकि उनको सरकार का पूर्ण सहयोग नहीं मिल सका।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं।**

# धूम्रपान मुक्त पीढ़ी ही है स्वस्थ भविष्य की बुनियाद



योगेश कुमार गोयल

**भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है।**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है। तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा,



**आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।**

ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है। धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है।

जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है। बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 06:29 तक |
| नक्षत्र: | मूल 12:43 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सिद्धि, 09:58 |
| सूर्योदय: | 06:42 |
| सूर्यास्त: | 18:30 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 02:05-03:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:13-01:00 |

## जन एक्सप्रेस

### तेल संकट गहराया !

*तेल संकट गहराया ।*
*है बाधित सप्लाई ।।*
*यही रहे हालात तो ।*
*बढ़ सकती महंगाई ।।*
*गरज रहीं मिसाइलें ।*
*बरस रहे हैं बम ।।*
*जल और नभ से ।*
*भर रहे सब दम ।।*
*हुआ मार्ग बंद ।।*
*है मुश्किल इंपोर्ट ।।*
*रूक रही ना जंग ।*
*टूट रहा सपोर्ट ।।*
*अर्थव्यवस्था पर असर ।*
*तेज हुई लड़ाई ।।*
*होगी जेब ढ़ीली ।*
*बढ़ सकती ईएमआई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या लूज मोशन में चाय-कॉफी पीना सेफ होता है?



लूज मोशन या डायरिया वायरल/बैक्टीरियल संक्रमण, दूषित खाना या पानी, फूड पॉइजनिंग की वजह से हो सकता है। इसके अलावा, जिनकी पाचन क्षमता कमजोर होती है, उन्हें भी कुछ-कुछ समय के अंतराल में लूज मोशन की दिक्कत हो जाती है। बहरहाल, लूज मोशन होने की वजह से शरीर से काफी मात्रा में पानी की कमी हो जाती है। इसलिए एक्सपर्ट इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस करने की सलाह देते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि कई लोग लूज मोशन होने पर चाय या कॉफी पीते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या वाकई दस्त होने पर चाय-कॉफी पीना सही होता है? लूज मोशन होने पर हमें कोई भी ऐसी चीज नहीं खानी चाहिए, जिससे पाचन क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है या एसिडिटी की समस्या ट्रिगर हो सकती है। एक्सपर्ट से पूछने पर वह बताती हैं, 'लूज मोशन में चाय या कॉफी पीना बिल्कुल सही नहीं है। इनमें कैफीन होता है। कैफीन एक मूत्रवर्धक के रूप में कार्य करता है, जो शरीर से तरल पदार्थों का नुकसान बढ़ाता है और डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) का कारण बनता है। यही नहीं, दस्त होने पर चाय पीने से आंतों पर इसका बुरा असर पड़ता है, जिससे डायरिया जैसी कंडीशन और बिगड़ सकती है।' विशेषज्ञ आगे सलाह देती हैं कि लूज मोशन होने चाय या कॉफी पीने के बजाय बेहतर है कि आप पानी, नारियल पानी या बिना कैफीन वाली हर्बल चाय का सेवन करें।

**डिहाइड्रेशन का रिस्क:** दस्त होने पर शरीर से पहले की काफी मात्रा में पानी निकल जाता है। ऐसे में अगर आप चाय या कॉफी भी पीते हैं, तो इसकी वजह से बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है। दस्त में बॉडी का डिहाइड्रेट होना सही संकेत नहीं है। इससे चक्कर आना, थकान और कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**डाइजेस्टिव ट्रैक्ट पर असर:** दस्त यानी डायरिया होने पर चाय या कॉफी इसलिए भी नहीं पीनी चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से डाइजेस्टिव ट्रैक्ट पर बुरा असर पड़ता है, जो कि पहले से ही कमजोर है। ऐसे में पेट दर्द, पेट में अकड़न जैसी कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**कमजोर पाचन क्षमता:** दस्त होने के बावजूद बार-बार चाय पीना सही नहीं है। इससे पाचन क्षमता पहले की तुलना में और भी कमजोर हो जाती है। इससे मरीज की रिकवरी भी धीमी हो जाती है, जो कि सही नहीं है।

**निष्कर्ष:** लूज मोशन होने पर किसी को भी चाय या कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर किसी की आदत है नियमित चाय या कॉफी पीने की तो ऐसी स्थिति में बेहतर होगा कि आप हर्बल टी पिएं। इसके अलावा, दस्त लगने पर दिन भर में काफी ज्यादा मात्रा में पानी पिएं।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# विपक्ष की भूमिका पर उठते सवाल



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यह स्पष्ट है कि विदेश नीति और वैश्विक घटनाएँ भी महत्वपूर्ण होती हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति का भारत की ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों से गहरा संबंध है। इसलिए इस विषय पर सरकार का सतर्क रहना और संसद को जानकारी देना आवश्यक है।**

**इसी तरह किसानों की आय, ग्रामीण विकास, शिक्षा व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और बुनियादी ढाँचे का विकास जैसे विषय सीधे भारत के भविष्य से जुड़े हुए हैं। संसद में इन मुद्दों पर व्यापक और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यदि संसद का बहुमूल्य समय विदेशी संघर्षों पर राजनीतिक हंगामे में खर्च हो जाए, तो यह लोकतंत्र की भावना के अनुरूप कैसे माना जा सकता है?**

**भारतीय** लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है। यही वह मंच है जहाँ जनता के प्रतिनिधि देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हैं, सरकार से जवाबदेही मांगते हैं और राष्ट्रीय हित में नीतियों का निर्माण करते हैं। लोकतंत्र में संसद देश की सामूहिक चेतना का प्रतीक भी होती है, यहाँ होने वाली बहसें सरकार की नीतियों को दिशा देती हैं और जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं को भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाती हैं। यही कारण है कि संसद से यह अपेक्षा की जाती है कि यहाँ होने वाली हर बहस का केंद्र भारत और उसके नागरिकों की समस्याएँ हों। वस्तुतः हाल ही में संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन जो दृश्य सामने आया, उसने अवश्य आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष तथा पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर इतना हंगामा कर दिया कि लोकसभा की कार्यवाही चल ही नहीं सकी। यह स्थिति तब पैदा हुई जब सरकार की ओर से विदेश मंत्री पहले ही इस विषय पर संसद में विस्तृत जानकारी दे चुके थे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में जनहित का मुद्दा था या फिर राजनीतिक विरोध के लिए संसद को बाधित करने की रणनीति? विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा दोनों में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। इसके अलावा भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी क्षेत्र पर निर्भर है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा चुका है। संबंधित मंत्रालयों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है इसलिए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की मौजूदा परिस्थितियों में नेतृत्व स्तर पर संपर्क करना कठिन हो गया है, किंतु भारत हमेशा शांति, संवाद और कूटनीतिक समाधान का पक्षधर रहा है। जब सरकार इस विषय पर संसद को जानकारी दे चुकी थी, तब भी विपक्ष का लगातार 'वी वांट डिस्कशन' के नारे लगाना और सदन की कार्यवाही बाधित करना कई प्रश्नों को जन्म देता है। क्या विपक्ष को यह ज्ञात नहीं कि भारत एक विशाल और जटिल देश है, जहाँ 140 करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाएँ और समस्याएँ हैं? रोजगार, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता, बुनियादी ढाँचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और जल संकट जैसे अनेक विषय हैं, जिन पर संसद में गहन और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यह एक गहन तथ्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था आज लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुँच चुकी है और सरकार इसे आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब उद्योगों में निवेश बढ़े, रोजगार सृजन की गति तेज हो और युवाओं को व्यापक अवसर मिलें। हर वर्ष लगभग एक से सवा करोड़ युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। यदि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध नहीं हुए तो बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष दोनों बढ़ सकते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह स्थिति भारत को एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है, जिसे 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' कहा जाता है, किंतु इसका लाभ तभी लिया जा सकता है जब युवाओं को पर्याप्त शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यही जनसांख्यिकीय लाभ भविष्य में चुनौती भी बन सकता है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में 587 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह, वैदिक रीति-रिवाज से बंधे नवयुगल

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नवीन मंडी परिसर में भव्य समारोह, 37 अल्पसंख्यक जोड़ों का भी निकाह सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को नवीन मंडी समिति परिसर में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के नवयुगलों का भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पंजीकृत 626 जोड़ों के सापेक्ष 587 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज और धार्मिक परंपराओं के साथ सम्पन्न कराया गया। इनमें 37 अल्पसंख्यक समुदाय के जोड़ों का निकाह भी कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से विवाह समारोह की सभी व्यवस्थाएं की गईं। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री प्रदान कर उनके सुखद, समृद्ध और उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह सम्पन्न कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे समाज में समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्ग अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सके।



### बड़ी संख्या में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रताप नारायण, जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार, डॉ. बांके लाल गंगवार, देवरूप पटेल, पूर्व चेयरमैन बरखेड़ा अशोक कुमार गुप्ता 'पप्पन', पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मपाल भारती, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, कपिल सिंह, महेश कुमार लोधी, महेंद्रपाल राजपूत, विश्वजीत डे और कार्यालय प्रभारी हरेंद्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। समारोह के दौरान पूरे मंडी परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। वर-वधू के परिजनों के चेहरों पर खुशी झलकती रही और सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की गई।

### विवाह दो आत्माओं का पवित्र बंधन : स्वामी प्रवक्तानंद



समारोह को संबोधित करते हुए बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि विवाह केवल दो शरीरों का नहीं बल्कि दो आत्माओं का पवित्र बंधन है। पति-पत्नी को जीवनभर एक-दूसरे का सम्मान करते हुए हर सुख-दुख में साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान करना समाज का सबसे बड़ा धर्म है। बेटियां अपने माता-पिता और परिवार को छोड़कर पति के घर आती हैं, इसलिए दूल्हों को चाहिए कि वे अपनी पत्नी की आंखों में कभी आंसू न आने दें। यदि पति-पत्नी एक-दूसरे का सम्मान करें तो उनका घर स्वयं स्वर्ग बन जाता है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आया है। स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय बनने से महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि ये केवल शौचालय नहीं बल्कि 'इज्जत घर' हैं। साथ ही आयुष्मान योजना से गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना 'सबका साथ, सबका विकास' को साकार करना है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापक-अभिभावक गोष्ठी, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विद्यालय की गतिविधियों की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को अध्यापक-अभिभावक गोष्ठी एवं अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा नौ और कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद को मजबूत बनाना था। इस दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा।विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा नौ रेड में कर्तव्य शर्मा और अंशुमान सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। उमंग मौर्य द्वितीय तथा जसकीरत कौर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौ ब्लू में कोमल वर्मा प्रथम, वंश गंगवार द्वितीय और दानिया अली तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौ ग्रीन में सूर्यांश स्वरूप दीक्षित प्रथम, शिफा द्वितीय तथा प्रांजल गंगवार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा नौ ऑरेंज में एम. फुज़ैल प्रथम, सादमान द्वितीय और शगनप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं।इसी प्रकार कक्षा ग्यारह रेड में वर्षा शर्मा प्रथम, आदित्य शर्मा द्वितीय तथा मोहम्मद ज़मन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारह पर्पल में दक्ष जायसवाल प्रथम, आदित्य गंगवार द्वितीय और रिया गंगवार तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा ग्यारह ब्लू में नेहा मौर्य प्रथम, चित्रांश मिश्रा द्वितीय तथा भविष्य सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारह ऑरेंज में रमनप्रीत कौर प्रथम, स्कंद गंगवार द्वितीय तथा दिशा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा ग्यारह ग्रीन में प्रतीक्षा प्रथम, शिक्षा सिंह द्वितीय और मनप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों के लिए विशेष अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें शिक्षक दीपक पाठक, आशीष मनराल और मोहित तिवारी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उप-प्रधानाचार्य आरिज़ अल्वी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनाई जा रही शिक्षण प्रक्रियाओं और अनुशासन व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अभिभावकों को विद्यालय की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेलकूद सुविधाओं और रोबोटिक्स लैब सहित अन्य आधुनिक संसाधनों की जानकारी दी गई। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें बच्चों की प्रगति के बारे में सही जानकारी मिलती है और विद्यालय के साथ उनका संबंध और मजबूत होता है। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय के साथ सहयोग करने का आह्वान किया।

# डॉक्टरों ने छोड़ दी थी उम्मीद, रास्ते के एक झटके ने दे दी जिंदगी



- मौत के करीब पहुंची जिंदगी ने ली करवट, एम्बुलेंस के झटके से हुआ 'चमत्कार'
- बरेली से घर लाते समय रास्ते में हुई हरकत, जांच में सांप के काटने की आशंका, एंटी-वेनम से बची जान

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

कभी-कभी जिंदगी ऐसे मोड़ पर पहुंच जाती है, जहां से वापसी असंभव सी लगती है, लेकिन सही समय पर इलाज और किस्मत साथ दे तो चमत्कार भी हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला पीलीभीत में सामने आया, जहां मौत के करीब पहुंच चुकी महिला की सांसें एम्बुलेंस में लगे एक तेज झटके के बाद जैसे फिर से लौट आईं। इस घटना को सुनकर लोग इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। जिला न्यायालय के नकल विभाग में कार्यरत वरिष्ठ सहायक विनीता शुक्ला 22 फरवरी की शाम घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रख दिया। करीब दो दिन तक इलाज के बावजूद उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। 24 फरवरी को डॉक्टरों ने परिजनों को स्थिति गंभीर बताते हुए मरीज के बचने की संभावना बेहद कम बताई और उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। यह सुनकर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वेंटिलेटर हटने के बाद उनकी सांसें बहुत धीमी हो गई थीं। परिजन भारी मन से उन्हें एम्बुलेंस से पीलीभीत के लिए रवाना हो गए। परिवार को लग रहा था कि वह शायद घर पहुंचकर अंतिम सांस लेंगी। इसी दौरान बरेली से पीलीभीत लौटते समय रिठौरा क्षेत्र के पास एम्बुलेंस सड़क के एक गहरे गड्ढे से गुजरते हुए उछल गई। झटके के तुरंत बाद परिजनों ने देखा कि विनीता के शरीर में हलचल होने लगी और उनकी सांसें पहले से बेहतर चलने लगीं। यह देखकर एम्बुलेंस में मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया।

### सांप के काटने की आशंका, एंटी-वेनम से मिला नया जीवन

न्यूरोसर्जन डॉ. राकेश सिंह के अनुसार जब मरीज को अस्पताल लाया गया तो उनकी स्थिति बेहद गंभीर थी। शरीर लगभग लकवाग्रस्त जैसी अवस्था में था और वह स्वयं सांस भी नहीं ले पा रही थीं। जांच के दौरान पैरों पर दो छोटे निशान मिले, जिससे जहरीले सांप के काटने की आशंका जताई गई। इसके बाद विशेषज्ञों की सलाह पर एंटी-वेनम दवा दी गई। उपचार शुरू होने के बाद शरीर ने प्रतिक्रिया दी और करीब दो सप्ताह में मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गईं।

### ईश्वर की कृपा और डॉक्टरों की मेहनत का परिणाम

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद विनीता शुक्ला ने बताया कि उन्हें उन तीन दिनों की कोई याद नहीं है, जब उनकी हालत गंभीर थी। वहीं उनके पति कुलदीप कुमार ने कहा कि यह ईश्वर की कृपा और डॉक्टरों की मेहनत का परिणाम है कि उनकी पत्नी आज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट सकीं। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे जिंदगी के अद्भुत मोड़ के रूप में देख रहे हैं।

## घुंघचाई में जत्था वापस आने पर हुआ विशाल भंडारा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई से 6 मार्च को मां का जत्था पैदल रवाना हुआ था। जत्थे के सुरक्षित लौटने पर बुधवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह भंडारा घुंघचाई के मुख्य बस अड्डे पर चला। जो पूरे दिन चलता रहा। श्रद्धालुओं और गांववालों के बीच प्रेम, भक्ति और सामूहिक उत्सव का माहौल लेकर आया। भंडारे में बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि भंडारे में प्रसाद के रूप में खाने-पीने की सभी वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं और हर उम्र के लोगों ने इसका आनंद लिया। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाते हुए धार्मिक गीत और भजन भी गाए। आयोजन स्थल पर ढोल-नगाड़ों की थाप और मंत्रों की गूँज से वातावरण भक्तिमय बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मां के जत्थे के सुरक्षित लौटने से पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।इसके अलावा अन्य गांवो से गए मां के जत्थे वापस लौटे। मां के जयकारे से बातावरण भक्तीमय हो गया।

# बिना फिटनेस और परमिट वाहनों पर एआरटीओ का शिकंजा, छह वाहन सीज



- पीलीभीत-बीसलपुर व पूरनपुर मार्ग पर चला विशेष चेकिंग अभियान, ओवरस्पीडिंग के 54 वाहनों का भी चालान

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद में सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए एआरटीओ द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना फिटनेस, बिना परमिट और ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग और पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस संचालित हो रहे छह वाहनों को सीज (निरुद्ध) कर दिया गया। इसके अलावा उत्तराखंड नंबर की दो यात्री वाहन बरखेड़ा क्षेत्र में बिना परमिट सवारियां ढोते हुए पकड़ी गई, जिनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।चेकिंग के दौरान दो स्कूली वाहनों के अभिलेख भी अपूर्ण पाए गए, जिनके विरुद्ध चालान किया गया। इस प्रकार फिटनेस, परमिट और अन्य आवश्यक प्रपत्रों के अभाव में कुल छह वाहनों को सीज किया गया तथा आठ वाहनों के चालान काटे गए। इसी क्रम में पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर ओवरस्पीडिंग कर रहे 54 वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई।

### नियमों का पालन करें, दुर्घटनाओं से बचें : एआरटीओ

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में बिना फिटनेस, बिना परमिट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि अपने वाहनों के सभी अभिलेख पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नाले की समस्या को लेकर किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** हरदोई ब्रांच नहर के घुंघचाई पुल के पूर्व में नहर के किनारे एक पुलिया बनी हुई है। जो नहर के नाले के ऊपर बनी है। पुलिया के दोनों ओर उत्तर से दक्षिण की ओर पानी का बहाव है। जिस पर नजर विभाग की ओर से पुलिया के दोनों ओर 50-50 मीटर पत्थर नाले के अंदर लगाया जा रहा है। जबकि घुंघचाई पुल से मटेहना वाली झाल तक पत्थर लगाना बहुत जरुरी है। जिससे कई एकड़ गरीब किसानों की फसल पानी से नष्ट होने से बचे, पुलिया से एक पूर्व की ओर डूंडा की तरफ एक निजी नाला बनाया गया है। यह नाला बड़े नाले का आकार ले लेता है। जिससे घुंघचाई, खानपुर,उदरहा आदि गांव के किसानों की फसल पानी से नष्ट कर देता है। जिसके चलते गरीब किसानों को अनाज खाने तक नहीं मिल पाता है। किसान नहर विभाग के अधिकारियों से कईबार निजी नाला को बंद करने को कहा जा रहा है।लेकिन नहर विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे किसान परेशान है।

### जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार में बच्चों दी क्रिकेट किट

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** आगामी पंचायत चुनाव 2026 को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे कजरी निरंजनपुर के वर्तमान ग्राम यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने भी अपना जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में सक्रियता और जनसंपर्क के चलते सोढ़ी को मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार को यादविंदर पाल सिंह सोढ़ी वार्ड नंबर 08 के गांव चलतुआ पहुंचे, जहां उन्होंने गांव के युवाओं और खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्रिकेट और वॉलीबॉल की खेल किट वितरित की। खेल सामग्री पाकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सोढ़ी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर खिलाड़ियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में कई बार युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिल पाता। ऐसे में सोढ़ी द्वारा खेल सामग्री उपलब्ध कराना युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी युवाओं और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

## गैस एजेंसियों पर प्रशासन की सख्ती, कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ा शिकंजा

- पुलिस लाइन में एजेंसी संचालकों की बैठक, ओटीपी से ही सिलेंडर वितरण और 25 दिन से पहले दोबारा बुकिंग पर रोक

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन ने गैस एजेंसियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने की। इस दौरान गैस एजेंसी स्वामियों और प्रोपराइटरों को निर्देश दिया गया कि वे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर केवल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से ही उपलब्ध कराएं। इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगेगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि एजेंसियों को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों का दैनिक रिकॉर्ड अपडेट रखना होगा। साथ ही जमाखोरी की संभावना को खत्म करने के लिए दो रिफिल सिलेंडरों की बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिन का अंतराल सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए एजेंसी के सॉफ्टवेयर को भी उसी के अनुरूप अपडेट रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय से पहले दोबारा बुकिंग न हो सके। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों से कहा कि वे अपने कार्यालय और गोदाम पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की निगरानी करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग होटल, ढाबों या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में न हो। इसके साथ ही एजेंसी से जुड़े सभी हॉकरों को भी सख्त हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार की अवैध रिफिलिंग, घटतौली या कालाबाजारी जैसी गतिविधियों से दूर रहें। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों से अपने गोदामों और कार्यालय परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। साथ ही किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत संबंधित थाना प्रभारी को सूचना देने को कहा गया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर की आपूर्ति कराई जा रही है। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, जिला पूर्ति अधिकारी सहित विभिन्न गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित रहे।

## जिले में संचालित एक अवैध बायोडीजल पम्प सील

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुष्ट सूचना के आधार पर विकास खंड हसेरन के अंतर्गत सकतपुर-सौरिख मार्ग स्थित ग्राम सादिकपुर में संचालित एक बायोडीजल पंप पर आकस्मिक छापेमारी की गई। यह कार्रवाई क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कन्नौज, पूर्ति निरीक्षक तिर्वा एवं पूर्ति लिपिक तिर्वा की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान पंप पर मोहर सिंह पुत्र गेंदालाल, निवासी आदमपुर, ब्लॉक हसेरन उपस्थित मिले, जिन्होंने स्वयं को पंप का सेल्समैन बताया। टीम द्वारा पंप संचालन से संबंधित लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया किन्तु उनके द्वारा कोई भी वैध लाइसेंस अथवा अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

# गाजे-बाजे के साथ मां के दरबार को रवाना हुआ जत्था

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

घुंघचाई से वुदवार को श्रद्धालुओं का जत्था गाजे-बाजे और जयकारों के साथ मां के दरबार के लिए रवाना हुआ। जत्था रवाना होने के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। होली के बाद से मां के दर्शन के लिए लगातार जत्थे रवाना हो रहे है। घुंघचाई से जत्था प्रस्थान से पहले श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और मां के जयकारों के बीच श्रद्धालु यात्रा पर निकल पड़े। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे,महिलाओं, पुरुषों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में भक्त इस धार्मिक यात्रा में शामिल हुए। जत्थे के रवाना होने के समय गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को फूल-मालाओं से विदा किया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं का यह जत्था मां के दरबार में पहुंचकर परिवार और क्षेत्र की खुशहाली के लिए पूजा-अर्चना करेगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ यात्रा पर निकले हैं, जिससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इसके अलावा अन्य गांवो से कई मां के जत्थे रवाना हुए।



# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने आज बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।नोबेल पुरस्कार विजेता कोंस्टेंटिन नोवोसेलोव, जो ग्रैफीन की खोज के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं, लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर और सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य उन्नत मटेरियल साइंस को औद्योगिक स्तर पर बैटरी तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में लागू करना है।लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला 2 डी मटेरियल जैसे ग्रैफीन का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा व लाइफ को बढ़ाना। दूसरा बैटरियों और परमानेंट मैग्नेट का उन्नत रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित कर महत्वपूर्ण खनिजों की बेहतर रिकवरी सुनिश्चित करना, जिससे सर्कुलर इकॉनमी को मजबूती मिलेगी।

# विद्यालयों के जजर भवनों को किया जायेगा ध्वस्थ

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सम्पन्न कराये जायें तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अकादमिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने में सहरानीय कार्य करने पर विकास खण्ड खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय पड़ावपुरवा एवं विकास खण्ड परसेण्डी प्राथमिक विद्यालय कैमहरा-1 के स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।? जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि डी0बी0टी0 के माध्यम से देय राशि समय से अन्तरित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों को प्रेषित समस्त प्रकार की धनराशि का व्यय समय से सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। जर्जर भवनों को समय से ध्वस्तीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप हर्बल गार्डेन स्थापित कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये तथा संघर्षशील श्रेणी के छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये। शिक्षण कार्यों में संदर्शिका का प्रयोग अवश्य किया जाये।? बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज आदि में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं उनकी कार्यशीलता का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष एवं परिसर की गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं प्रभावी रहनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए तथा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे आसानी से अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें, इसके लिए यातायात एवं अन्य व्यवस्थाएं भी सुचारु रखी जाएं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ कार्य करें।

## डीएम ने गैस रिफलिंग, कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही के दिये निर्देश

**उरई (जालौन)।** बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के एलपीजी एवं रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के बिक्री अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में उपस्थित तेल कम्पनी के बिक्री अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गैस डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है तथा जनपद जालौन में पर्याप्त स्टॉक सभी वितरक (डीलर) के पास उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस किसी भी प्रकार की अफवाह में न आये। गैस की रिफिलिंग अथवा कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध संज्ञानित होने पर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। समस्त होटल संचालक एवं मैरिज होम मालिकों से अपेक्षा है कि वह किसी भी प्रकार का घरेलू गैस सिलेण्डर (14.5 किग्रा) का प्रयोग न करें। बैठक में समस्त गैस एवं रिटेल आउटलेट के ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वह नियमित रूप से एलपीजी, डीजल, पेट्रोल की आपूर्ति सुनिश्चित कराते रहें।

## कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के नामजद तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई।बीते 4 माह पूर्व दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या के आरोप में कोतवाली शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक बीती 14 नवंबर 2025 को वादी विद्याशागर पुत्र स्व. चन्द्रलाल निवासी ग्राम पन्योरा बलिया थाना बेहटा गोकुल जनपद हरदोई ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे दूध में जहर पिला दिया, जिससे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।इस मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी सोमकार पुत्र बुजकिशोर, बुजकिशोर पुत्र नेतराम तथा रामवती उर्फ उषा पत्नी बुजकिशोर निवासीगण ग्राम भिटारी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक उमेश चन्द्र तिवारी, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र शाक्य तथा कांस्टेबल सतीश राणा कोतवाली शहर हरदोई शामिल रहे।

## खेत जा रही महिला से टप्पेबाजी करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

**कालपी (जालौन)।** बीते दिनों पहले खेत जा रही महिला के साथ टप्पे बाजी करके जेवरात चुराने वाले बाइक सवार दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस टीम ने बदमाशों के पास से नगदी तथा जेवरात बरामद करके जेल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक कालपी कोतवाली की ज्ञान भारती पुलिस चैकी इंचार्ज विपिन कुमार, दीवान रंजीत कुमार 10 मार्च 2026 को भ्रमणशील थे। चैरासी गुंबद के पास संदिग्ध लोगों तथा वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर इटौरा रोड से होते हुए काशी खेड़ा वनखंडी देवी वाले मार्ग पर दो संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल लिए काशीखेरा से बनखंडी देवी मंदिर की ओर आ रहे थे जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। उनको पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों में जावेद पुत्र रहीश उर्फ नत्थू ग्राम निबिया खेड़ा थाना सजैती जिला कानपुर देहात उम्र 48 वर्ष और एक साथी के साथ पकड़ा गया। जिसको पुलिस टीम के द्वारा चालान करके जेल भेज दिया गया।

## लोन के बदले 50 हजार की मांग के आरोप में बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी रोजगार योजना के नाम पर रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई ने बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी को गिरफ्तार किया है।सुरेश चौधरी कछौना में बैंक ऑफ बड़ौदा का बीसी केंद्र भी संचालित करते हैं।मंगलवार शाम जब वह मुसलमानाबाद सपहिया गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे,तभी लखनऊ से आई सीबीआई टीम ने उन्हें दबोच लिया।अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

?बघौली थाना क्षेत्र के अछ्रामऊ निवासी सीमा नाम की युवती ने योजना के तहत पांच लाख रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इस लोन को पास कराने के बदले सुरेश चौधरी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई ने जाल बिछाया और कार्रवाई को अंजाम दिया।हिरासत में लिए जाने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मीडिया के कैमरों से अपना चेहरा छिपाते नजर आए।?गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम सुरेश चौधरी को कछौना रेलवे स्टेशन के गार्ड रूम ले गई,जहां करीब सात घंटे तक उनसे कड़ी पूछताछ की गई।टीम ने उनके पास मौजूद कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने कब्जे में ले लिए हैं।देर रात सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई।हालांकि,सुरेश चौधरी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसे अपने खिलाफ एक बड़ी साजिश करार दिया है।सीबीआई की टीम पूर्व जिलाध्यक्ष से लखनऊ में भी पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक मामले में कुछ और लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद जिले की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई।विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन 59 गावों मे डेथ सर्टिफिकेट 01 वर्ष से पूर्व जारी हुआ है, फिर भी वरासत लम्बित है, ऐसे मे अभियान चलाकर वरासत के प्रकरणों को निस्तारित कराये। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यों में शिथिलता व लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी तथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने 03 व 05 साल से लम्बित मुकदमों को 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी सण्डीला को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एसओसी चकबंदी प्रकाश चन्द्र उत्तम, एसीओं सकील अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 67 शिकायतें




जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान सीडीओ सान्या छाबड़ा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे बुधवार को कुल 67 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें :-सीडीओ



जन एक्सप्रेस। हरदोई

- निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण किया जाए
- अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सको की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती

जिला पोषण समिति के तहत जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं कुपोषित बच्चों के कार्यो सम्बन्धी समीक्षा बैठक सीडीओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। उन्होने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें और नियमित आंगनबाड़ी केन्दों का निरीक्षण करें और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यो की समीक्षा करें तथा कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में लक्ष्य के अनुरूप ब्लाक कोथावा, कछौना, हरपालपुर, टड़ियावा व भरखनी की सीडीपीओ द्वारा अति कुपोषित बच्चों भर्ती न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिये कि अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें और लक्ष्य के तहत अधिक से अधिक बच्चों को ग्रीन श्रेणी में लाये तथा निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सीडीपीओ आदि उपस्थित रहे।

## समिति के सचिव ने कंप्यूटर ऑपरेटर को थमाया नोटिस तो दी जातिसूचक गालियां

**जालौन (उरई)।** समिति कार्यालय वी-पेक्स लिमिटेड ग्राम शहजादपुरा में तैनात अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा काम न करने पर सचिव ने ऑपरेटर को नोटिस दे दिया। नोटिस मिलने से नाराज अस्थायी कर्मचारी ने दलित सचिव को जाति सूचक गालियां देकर बिजली के तारों से पिटाई कर दी। साथ ही सचिव का मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित सचिव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी उदयभान वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह वी-पेक्स लिमिटेड ग्राम शहजादपुरा सोसाइटी समिति में सचिव पद पर नियुक्त है। कार्यालय में अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर के रुप में ग्राम धनौरा कलां निवासी सतेंद्र सिंह गुर्जर नियुक्त है। सचिव ने आरोप लगाया कि अधिकारी कोई काम देते हैं तो वह नहीं करते हैं। इसके अलावा भी कार्यालय में कोई काम नहीं करते हैं और सिर्फ दबंगई के बल पर काम कर रहे हैं। अधिकारियों के कहने पर उन्होंने अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर को नोटिस दे दिया था।

# उरई कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

### आए दिन लड़ाई-झगड़ों से बिगड़ रहा उरई शहर का माहौल

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)

उरई शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही मारपीट,विवाद और अराजक घटनाओं ने शहर के माहौल को बिगाड़ कर रख दिया है। उरई कोतवाली क्षेत्र में एक के बाद एक सामने आ रही घटनाओं से यह साफ दिखाई दे रहा है कि क्षेत्र में अराजकतत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और आम लोगों के अंदर से पुलिस का डर धीरे-धीरे खत्म होता दिखाई दे रहा है। शहर के लोग कहते सुने जा रहे है कि जब से उरई कोतवाली में काले कांच वाली केबिन के बड़े साहब ने कमान संभाली है तब से कानून व्यवस्था की स्थिति कमजोर होती नजर आ रही है। बीते दिनों राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक डेयरी संचालक पर हुए घातक हमले की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया था। इस वारदात ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि आखिर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है। इस घटना के बाद भी हालात में कोई खास सुधार नहीं दिखा और शहर में विवाद और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आती रहीं। दो दिन पहले कोंच रोड स्थित मधुवन विला के पास भी एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई जिसमें एक युवती और दो युवकों द्वारा युवक को बीच सड़क पर पीटा गया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिससे शहर की कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल उठने लगे। इतना ही नहीं उरई कोतवाली के ठीक सामने देर रात एक प्रेमी युगल का हाई वोल्टेज ड्रामा भी चर्चा का विषय बना रहा। बताया जा रहा है कि प्रेमी युगल ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग के सामने बैठकर घंटों तक हंगामा किया। हैरानी की बात यह रही कि यह पूरा घटनाक्रम उरई कोतवाली के गेट के सामने ही चलता रहा जिससे पुलिस की सक्रियता और सतर्कता पर भी सवाल खड़े हो गए। इसके अगले ही दिन दोपहर में फिर से कोतवाली के बाहर दो गुटों के बीच मारपीट की घटना सामने आई जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से साफ जाहिर होता है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर स्थिति संतोषजनक नहीं है। शहर के लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इन घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में हालात और भी खराब हो सकते हैं। नागरिकों का मानना है कि पुलिस प्रशासन को शहर में बढ़ रही अराजक गतिविधियों पर सख्त नजर रखते हुए प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों के अंदर सुरक्षा की भावना बनी रहे। उरई शहर के जिम्मेदार नागरिकों का कहना है कि पुलिस को गश्त बढ़ाने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए।

## रमजान माह में नगर की मस्जिदों में कुरआन सुनाने का सिलसिला जारी

**कालपी (जालौन)।** रमजान के मुकद्दस माह के 20 रोजे की रात में मोहल्ला दमदमा स्थित तकिया वाली मस्जिद में तराबीह में कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। दारुल उलूम गौसिया मजीदिया मदरसे के हाफिज शमीम के द्वारा कुरआन शरीफ को पढ़कर मुकम्मल कराने पर नमाजियों ने सम्मान से नवाजा। मस्जिद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के प्रिंसिपल मुफ्ती तारिक बरकाती ने अपनी तकरीर में अवगत कराया कि आप लोगों ने अपने इस मदरसे में जो अपना तआवन इमदाद किया है उसका नतीजा ये आपके सामने है कि कालपी में कई हाफिज इससे पढ़कर फारिग हुए और कई सालों से कालपी की 8 मस्जिदों में तरावीह में कुरआन को सुना रहे हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र के विख्यात मुफ्ती अशफाक बरकाती ने अपनी तकरीर में इस्लाम व शरीयत की रोशनी में बहुत ही उम्दा खिताब किया। हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि रमजान के दो अशरे गुजर गए हैं अब यह आखिरी अशरा चल रहा है जितना हो सके अपने रब को राजी करने की कोशिश करना चाहिए।

## एक ट्रैक पर पांच जीत, एक जीत विरासत के नाम

जन एक्सप्रेस। कानपुर

पेप्सिको इंडिया के हाई वोल्टेज एनर्जी ड्रिंक स्टिंग एनर्जी ने अपने एक्सप्लोसिव इंस्टाग्राम पोस्ट के साथ 2025 में महिला टीम की जीत समेत क्रिकेट में भारत की छठी चैंपियनशिप जीत का जश्न मनाते हुए क्रिकेट के उत्साह को और बढ़ाया है। शानदार विजुअल के माध्यम से खेलों में समावेश का जश्न मनाया गया है। इसमें ब्रांड के सिग्चेनर स्टिंगगगग सोनिक एनर्जी के साथ महिला एवं पुरुष टीम की जीत के शानदार सिक्स की विरासत दिखाई गई है।

युवराज सिंह और रवि शास्त्री के साथ स्टिंग एनर्जी के लॉन्गर द सिक्स, लाउडर द स्टिंग सोनिक कैंपेन से पूरी तरह मिलती-जुलती पोस्ट में क्रिकेट के खास पलों को याद किया गया है। इसमें भारत की ऐतिहासिक जीतोंः 1983, 2007, 2011, 2024, महिला दिवस पर मिली जीत और 2025 में महिला क्रिकेट टीम की जीत को दर्शाया गया है और साथ ही दिखाया गया है कि कैसे स्टिंग की खास आवाज की ही तरह इस सिक्स में भी कुछ खास है। इस कैंपेन के मूल में क्रिकेट लीजेंड युवराज सिंह और रवि शास्त्री के साथ बनी एक हाई एनर्जी फिल्म है। यह कहानी शुरू होती है धूप में खिले क्रिकेट के मैदान से, जहां दोनों खिलाड़ियों के बीच की बातचीत अचानक शानदार छक्कों की बरसात में बदल जाती है। युवराज अलग-अलग शॉट्स लगाते हैं, जिनसे स्टिंग की खास आवाज का एहसास होता है। छोटी बाउंड्री के लिए स्टिंगग और सबसे लंबे हिट के लिए स्टिंगगगगग की आवाज। शास्त्री की खास कमेंटरी से इस खेल में चार चांद लग जाते हैं। उनकी आवाज बिलकुल हर छक्के की आवाज के साथ लय मिलाती हुई लगती है।

# इंडियास्किल्स उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 आगरा में शुरू हुई, जिसमें स्किल, टैलेंट और इनोवेशन का जश्न मनाया जाएगा

जन एक्सप्रेस। आगरा



उत्तर भारत में स्किल, टैलेंट और टेक्निकल एक्सीलेंस का सबसे बड़ा समारोह आज शुरू हुआ, जब उत्तर क्षेत्र के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025द26 आगरा के सुर सदन में शुरू हुई। इसमें 9 उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। 11 से 14 मार्च 2026 तक चलने वाले इस चार दिन के समारोह में पारंपरिक ट्रेड और उभरती टेक्नोलॉजी में 63 स्किल्स दिखाई जाएंगी, जो इस क्षेत्र में टैलेंट की गहराई और विविधता को दिखाएंगी। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से आयोजित, उत्तरी क्षेत्र प्रतियोगिता राज्य स्तर के स्किल इकोसिस्टम को मजबूत करने, समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देने और भारत के युवाओं को उत्कृष्टता के राष्ट्रीय और वैश्विक मानदंडों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर बोलते हुए, भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने कहा ष्आगरा में इंडियास्किल्स उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शहर न केवल एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब है, बल्कि कौशल विकास और उद्योग का एक उभरता हुआ सेन्टर भी है। यह प्रतियोगिता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के अनुरूप है, जहां ज्ञान और कौशल हमारे युवाओं को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार होने के लिए सशक्त बनाते हैं। उत्तरी राज्यों के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को एक साथ लाकर, हम सिर्फ उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं बल्कि भारत की अगली पीढ़ी के प्रोफेशनल्स में आत्मविश्वास, इनोवेशन और नेतृत्व को भी बढ़ावा दे रहे हैं।ष उद्घाटन समारोह में प्रतियोगियों ने शानदार मार्च-पास्ट और सांस्कृतिक प्रदर्शन किया। साथ ही विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ, जो प्रोफेशनलिज्म और समर्पण की भावना को दर्शाता है।

मुख्य संबोधन देते हुए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के डीडीजी, श्री अरुण कुमार यादव ने कहा- ÷भारत की डेमोग्राफिक्र ताकत तभी इकोनॉमिक ताकत में बदल सकती है, जब उसे कौशल का सहयोग मिले। यह पाँचवीं इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि वर्ल्ड-क्लास टैलेंट को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक प्लेटफॉर्म है, जो शंघाई में विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## गैस एजेंसी पर गैस न होने का बोर्ड लगाकर की जा रही कालाबाजारी




जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई।सांडी ब्लाक के चौसार में स्थित चौसार सिसाला सैनिक इंडियन गैस एजेंसी की गोदाम श्रीमऊ में स्थित है जहां पर गोदाम में सिलेंडर होने के बावजूद भी गोदाम के बाहर सिलेंडर न होने का बोर्ड लगा है और सिलेंडरों की कालाबाजारी की जाती है जिससे जनता परेशान है जब एरिया मैनेजर से संपर्क करना चाहता हूं उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। कुछ ग्रामीणों ने बताया है की गोदाम के अंदर सिलेंडर रखे रहते हैं और जब वह लोग सिलेंडर लेने जाते हैं तो उन्हें मना कर दिया जाता है कि गोदाम पर गैस सिलेंडर नहीं है और बाद में वही सिलेंडर सरकारी दामों से ज्यादा दामों पर बेचे जाते हैं आखिर कब तक कालाबाजारी का खेल चलता रहेगा आखिर कब तक जनता को गैस सिलेंडर के लिए इधर-उधर भटकना पड़ेगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

## 14 व 15 मार्च को चार पालियों में आयोजित होगी परीक्षा, 12 केन्द्रों 18,240 अभ्यर्थियों की होगी परीक्षा

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को 14 एवं 15 मार्च को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन करने पर जोर देते हुए कहा कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, केंद्र पुलिस प्रभारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि जनपद के सभी 12 परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जांच कर लें। यदि किसी केंद्र पर कोई कमी मिलती है तो उसे तत्काल दूर कराया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के सामान रखने के लिए प्रवेश द्वार के पास क्लॉक रूम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा कक्षों में दीवार घड़ी लगाने तथा केंद्रों के आसपास की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने को कहा, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात को सुचारु रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान जनपद के लिए नामित जिला प्रबंधक डॉ. दिवाकर सिंह ने बताया कि जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर कुल चार पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 18,240 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

# बाजार बंद को व्यापारी एकजुट, नहीं उठे दुकानों के शटर, बन्द रही दुकानें

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़






जिले के कोहड़ौर थाना इलाके में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित कोहड़ौर बाजार में बुधवार को दोपहर दो बजे तक दुकानें बंद रही। बाजार में रोजाना जहां सुबह होते ही चहल पहल देखने को मिलती थी वहीं बुधवार को दुकानों के शटर बन्द होने से सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमा प्रकाश अग्रहरि व रवि गुप्ता के नेतृत्व में बाजार के व्यापारियों ने कस्बे में व्यापारी एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए पुलिस प्रशासन के विरोध में जुलूस निकाला। मालूम हो कि कंधई थाना इलाके के हनुमानगंज बाजार में होली के दिन पुलिस ने शांति व कानून व्यवस्था के मद्देनजर दो व्यापारियों को हिरासत में लिया था। दोनों व्यापारी का आरोप है कि इस दौरान उन दोनों को पुलिस ने बर्बरता से पीटा था। जिसके बाद लोगों द्वारा एसपी दीपक भूकर से शिकायत होने पर एक पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर व्यापारियों द्वारा चोट का निशान दिखाते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि जन एक्सप्रेस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वहीं बुधवार को व्यापारियों ने एकजुट होकर कोहड़ौर बाजार में कंधई पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे और कंधई पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों का कहना था कि थाना प्रभारी कंधई को तत्काल हटाया जाए नहीं तो ये विरोध प्रदर्शन बड़ा रूप लेगा। इस दौरान कोहड़ौर पुलिस व व्यापारी नेता रवि गुप्ता के बीच कहासुनी की भी चर्चा बाजार में जोरों पर रही। हालांकि दोपहर बाद कोहड़ौर बाजार की सारी दुकानें खुल गई। एसओ कोहड़ौर धनन्जय राय पुलिस बल के साथ बाजार में डटे रहे। इस दौरान नितिन जायसवाल, सतीश उमरवैश्य, पवन जायसवाल, राहुल, दिनेश जायसवाल, सौरभ जायसवाल, विशाल जायसवाल, अनिल उमरवैश्य, सुनील उमरवैश्य समेत काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पति की मौत के बाद धोखाधड़ी से रुपये निकालने का आरोप, पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले की कुण्डा कोतवाली थाना इलाके के परेवानरायनपुर निवासी एक महिला ने पति की मौत के बाद अपने जेठ, जेठानी, देवर व ननद पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा थाना इलाके के परेवानरायनपुर गांव निवासी मदीहा बानो ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी प्रयागराज जिले के लालगोपालगंज निवासी महफूज फारूकी के साथ 2017 मे हुई थी। उसके दो बेटे और एक बेटी समेत तीन बच्चे हैं। पीड़िता के अनुसार उसके पति शादी के पहले से ही सऊदी अरब के रियाद शहर में रहकर नौकरी करते थे और महीने की अच्छी खासी रकम कमाते थे शादी के पश्चात् इन्होने अपने पत्नी व बच्चों के भविष्य की सुरक्षा हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा लालगोपालगंज तथा ग्रामीण बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भदरी कुण्डा प्रतापगढ़ में अपने खाते में अच्छी खासी रकम जमा किये थे। पीड़िता के पति की छः जून 2025 को गम्भीर बीमारी के कारण मौत हो गई। ससुराल वालों ने कहा कि इद्दत का समय पूरा होने के बाद उसके पति के बैंक खातों से लेकर समस्त चल अचल संपत्ति उसे दे दी जायेगी। पीड़िता का आरोप है कि इद्दत का समय पूरा होने के बाद प्रार्थिनी को जब कुछ नहीं मिला तो प्रार्थिनी ने अपने पति के बैंक खातों का विवरण लिया। जिसके बाद जानकारी हुई कि उसके पति की मृत्यु के बाद सबंधित बैंककर्मियों और मेरे जेठ, जेठानी देवर, ननद व अन्य ने फर्जीवाड़ा करके बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लालगोपालगंज एवं ग्रामीण बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भदरी से पति की मृत्यु के पश्चात धोखाधड़ी खरके पूरे रुपये निकाल लिए गए हैं। पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

### परीक्षा कराने की तैयारियों में जुटे परिषदीय स्कूलों के शिक्षक

**देवरिया।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी तेज हो गई हैं। 16 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाओं को लेकर शिक्षक और विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। इन परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। इनकी प्रिटिंग के बाद विद्यालयों तक प्रेषित किया जाएगा। परीक्षा में जिले के 2120 परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 1,61,227 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें कक्षा-एक से पांच तक 1,01,002 और कक्षा-छह से आठ तक 60,225 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं 16 से 20 मार्च तक कराने का एलान किया है। इसके लिए वार्षिक समय सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा-एक के लिए केवल मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा-दो से लेकर कक्षा-पांच तक लिखित और मौखिक दोनों तरह की परीक्षा होगी।

# महिला आयोग उपाध्यक्ष ने सुनी शिकायतें, घरेलू हिंसा मामलों में कार्रवाई के निर्देश

## जनसुनवाई के बाद जिला अस्पताल व वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दो मामलों में पुलिस को सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने बुधवार को विकास भवन सभागार में जनसुनवाई आयोजित कर पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कुल 40 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें अधिकांश मामले घरेलू हिंसा से जुड़े थे। इन मामलों में उपाध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने को कहा गया। इसके अलावा पारिवारिक विवाद, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़े मामले भी सामने आए।

उपाध्यक्ष ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर निर्धारित समय में अनुपालन आख्या भेजने के निर्देश दिए। योजनाओं से जुड़े मामलों में पात्र महिलाओं को नियमानुसार लाभ दिलाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए, ताकि महिलाएं बिना संकोच अपनी समस्याएं सामने रख सकें।

जनसुनवाई के दौरान दो मामलों में उपाध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया। ग्राम नटवा जंगल निवासी तैबू निशा ने शिकायत की कि उसके पति अबू हुरैश द्वारा लगातार मारपीट की जाती है और वह पहले भी तीन शादियां कर चुका है। इस पर उपाध्यक्ष के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को मौके से ही हिरासत में लेकर हवालात भेज दिया। वहीं थाना कोठीभार क्षेत्र के कटहरी खुर्द की निवासी प्रियंका वर्मा ने आरोप लगाया कि 4 मार्च को रिंकू वर्मा, पिंटू वर्मा सहित अन्य लोगों ने घर में घुसकर उनकी माता नगीना देवी का गला घोंटने का प्रयास किया और उनके साथ अभद्रता की। इस मामले में अब तक संतोषजनक कार्रवाई न होने पर उपाध्यक्ष ने कड़ा असंतोष जताते हुए दो दिनों के भीतर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण की व्यक्तिगत स्तर पर निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के बाद उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल और वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। जिला अस्पताल के वार्ड में महिला मरीजों की संख्या कम मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वन स्टॉप सेंटर में संवासिनियों से बातचीत कर उन्हें जागरूक किया और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी कन्हैया यादव, क्षेत्राधिकारी सदर, महिला थाना प्रभारी, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, आईसीडीएस और पूर्ति विभाग के अधिकारी तथा वन स्टॉप सेंटर के काउंसलर और स्टाफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश: पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल किया बरामद

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के दिलीपपुर थाना इलाके में बीते सोमवार चौखडा गांव के जंगल में हुई युवक की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में दिलीपपुर पुलिस, स्वॉट टीम व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त सद्दाम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस भी बरामद किया है। बता दें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के अचलपुर निवासी मो. आसिफ अपने बड़े भाई आरिफ के साथ रहता था। अर्टिका कार चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार सुबह वह बाइक लेकर घर से निकला था। शाम करीब पांच बजे चौखड़ा जंगल में सड़क किनारे उसका शव पड़ा था, सिर व कनपटी से खून बह रहा था। पास में ही बाइक भी पड़ी थी।घटना के बाद एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल से प्राप्त भौतिक साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु सतत एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे थे। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिलीपपुर पुलिस व स्वॉट टीम प्रभारी एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अभियुक्त सद्दाम पुत्र स्व. शान मोहम्मद को थाना इलाके के चौखड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। आरोपी सद्दाम नगर कोतवाली थाना इलाके के अचलपुर का रहने वाला है उसके खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम ने पूछताछ में बताया कि उसने आसिफ को पैसा देने के बहाने बुलाया था। आसिफ बाइक चला रहा था और वो पीछे बैठा था। अभियुक्त ने बताया कि चौखडा गांव के जंगल में सुनसान स्थान पर पहुंचते ही उसने चलती बाइक पर ही आसिफ के सिर में दो गोलियां मार दी जिससे दोनो गिर गए और आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अभियुक्त अपने साथी सन्दीप गुप्ता के साथ मौके से भाग गया। सन्दीप जौनपुर जिले के बादशाहपुर का रहने वाला है। अभियुक्त ने बताया कि सन्दीप को उसने हत्या करने के लिए बुलाया था जो कुछ दूरी पर मेरी अपाची बाइक से हम लोगो के पीछे-पीछे आ रहा था। हत्या करने के बाद मृतक के मोबाईल को उसकी जेब से निकालकर लौटते समय जिरियामऊ पुल से सई नदी मे फेंक दिया था और मैं संदीप के साथ ही वापस चला आया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद किया।

एसपी दीपक भूकर ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम मृतक आसिफ का वकील था और उसके मुकदमे देखता था। इसने मृतक की लाखों के कीमत की जमीन खरीदी थी। पैसा न देना पड़े इसलिए इसने हत्या की। सद्दाम ने अपना मोबाइल घर पर छोड़ दिया था ताकि लोकेशन ट्रेस न हो पाये। लेकिन सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के जरिये एसओजी व थाने की टीम ने मामले का खुलासा किया। घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी आरोपी की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गायब हुए 93 मोबाइल बरामद, एसपी ने लोगों को सौंपा उनका मोबाइल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




प्रतापगढ़ पुलिस ने बुधवार को 93 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटा दिए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग चौदह लाख रुपए है। पुलिस ने यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की। एसपी दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में गुमशुदा व चोरी गए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दृष्टिगत महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई। सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज आईएमईआई आधारित तकनीकी सूचनाओं के आधार पर सर्विलांस टीम एवं विभिन्न थाना टीमों ने संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल तिरानबे मोबाइल फोन विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली एवं हरियाणा से ट्रेस कर बरामद किये गये। जिनकी अनुमानित कीमत चौदह लाख आकी गई। इन सभी बरामद मोबाइलों को पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में एसपी दीपक भूकर द्वारा मोबाइल स्वामियों को सौंप दिया गया। मोबाइल पाकर लोगों ने पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। एसपी ने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल थाने में सूचना दें इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल का आईएमईआई विवरण अवश्य अपलोड करें। यह प्रक्रिया मोबाइल ट्रैकिंग को अत्यंत सरल और तेज बनाती है तथा बरामदगी की संभावनाओं को कई गुना बढ़ा देती है। उन्होंने जनसामान्य से इस प्रकार की घटनाओं में त्वरित सूचना देकर पुलिस का सहयोग करने की अपील की, जिससे भविष्य में भी इस तरह की सफल व पारदर्शी कार्यवाहियां जारी रखी जा सकें।

# अवैध देशी बम के साथ एक युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की लीलापुर थाने की पुलिस ने बुधवार को चार अवैध देशी बम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ लूट, धोखाधड़ी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी लीलापुर श्री आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई सुमित कुमार वर्मा व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के सई नदी पुल के पास शकूहाबाद गांव से अभियुक्त शुभम पुत्र गिरिजाशंकर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इसके कब्जे से चार अवैध देशी बम बरामद किया। बरामदगी के संबंध में पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। अभियुक्त थाना इलाके के तिना चितरी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# एक ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन का निर्देश, कई अधिकारियों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन सभागार में समस्त विकास खण्डों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान गौशाला पूलिंग की धनराशि, वित्त आयोग योजनाओं के तहत व्यय, फार्मर रजिस्ट्री, अर्पूण आवास, जल संचयन-जल भागीदारी, जीरो पावर्टी, फैमिली आईडी, वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी, मनरेगा के तहत श्रमिकों का नियोजन, ई-केवाईसी तथा अन्नपूर्णा भवन व आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की सचिववार समीक्षा की गई। बैठक में विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरविन्द यादव की प्रगति कई बिन्दुओं पर अत्यंत खराब पाई गई। जल संचयन-जल भागीदारी, विद्यालयों में कायाकल्प, मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी, श्रमिक नियोजन तथा युक्तधारा के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना अपलोड न होने जैसे मामलों में संतोषजनक जवाब न देने पर उनके निलंबन के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गए। इसके अलावा विकास खण्ड सांगीपुर में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सिंह तथा मान्धाता में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अभय सिंह पटेल के क्षेत्रों में श्रमिक नियोजन, गौशाला पूलिंग और मनरेगा के तहत सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में खराब प्रगति मिलने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर विकास खण्ड मान्धाता की रूचि वर्मा, गौरा के जावेद अहमद और सदर में तैनात राहुल कश्यप का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए। जबकि गौरा में कार्यरत सुनील कुमार को नोटिस जारी करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया कि पंचायत सहायकों और गौशाला में कार्यरत केयरटेकरों का मानदेय समय से दिलाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी सचिवों को निर्देश दिया गया कि 19 व 20 मार्च को होने वाली अगली समीक्षा बैठक से पहले सभी योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार सन्तोष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला पंचायतराज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहादुरपुर में जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने भेजी पाती

■ मांग पूरी होने तक जारी रहेगा शिक्षकों का आंदोलन: आशुतोष पाण्डेय

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री (उ.प्र.), नेता प्रतिपक्ष भारत तथा उत्तर प्रदेश को शिक्षकों की पाती भेजने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। शिक्षकों ने पाती भेजकर मांग की कि टेट की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाये। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के संयोजक उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयवार भ्रमण कर शिक्षकों से पाती पर हस्ताक्षर कराकर उसे डाक एवं ई-मेल के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

इसी क्रम में बहादुरपुर विकास खण्ड में जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर पाती भेजी। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों ने हस्ताक्षर कर अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि टेट की अनिवार्यता से वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों में असमंजस और असंतोष की स्थिति बनी हुई है। सरकार को चाहिए कि शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि शिक्षक एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को जागरूक करते हुए आगामी 13 अप्रैल को जनपद स्तर पर मशाल जुलूस तथा 3 मई को लखनऊ में प्रस्तावित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षकों द्वारा पाती भेजने का अभियान लगातार जारी

# विश्व शांति के लिए खतरा है इजरायल-ईरान युद्ध, अमेरिका दादागिरी बंद करे: संजय विनायक जोशी

■ जौनपुर में वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय हालात पर जताई चिंता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय विनायक जोशी ने इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका को अपनी दादागिरी की नीति बंद करनी चाहिए, क्योंकि उसके रवैये का असर दुनिया के विकसित और विकासशील दोनों प्रकार के देशों पर पड़ रहा है।

बुधवार को जौनपुर पहुंचे श्री जोशी एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता। कई ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें आपसी संवाद और कूटनीतिक बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता है, लेकिन जब अहंकार और शक्ति प्रदर्शन की राजनीति हावी हो जाती है तो उसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इजरायल और ईरान के बीच का युद्ध बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दोनों देशों को चाहिए कि वे आपसी मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाएं और जल्द से जल्द युद्ध विराम की दिशा में पहल करें। इस तरह के संघर्ष से न केवल संबंधित देशों बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और शांति व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अमेरिका की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए संजय विनायक जोशी ने कहा कि वैश्विक राजनीति में किसी एक देश का दबदबा कायम करने की कोशिश सही नहीं है। अमेरिका को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि उसके आक्रामक रुख के कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव बढ़ रहा है और आर्थिक अस्थिरता भी पैदा हो रही है। भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। देश के नागरिकों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं पर किसी प्रकार का असर न पड़े, इसके लिए सरकार निश्चित रूप से आवश्यक रणनीति और तैयारियां कर रही होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत सरकार अपने कूटनीतिक अनुभव और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से देशहित की रक्षा करने में सक्षम है। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर 11 मार्च 2026 जनपद के सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करना और उन्हें इससे जुड़ी सुविधाओं का लाभ दिलाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रचार वाहन जिले के सभी विकासखण्डों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में जानकारी देगा।उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, धान और गेहूं की सरकारी खरीद, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड समेत खेती से जुड़ी अधिकांश सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही दिया जाएगा। इसलिए सभी किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसान जनसेवा केंद्र के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारी भी किसानों को रजिस्ट्री कराने में सहयोग कर रहे हैं। किसान चाहें तो अपने मोबाइल फोन पर फार्मर रजिस्ट्री का लिंक डाउनलोड कर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं।

### जिले में 71 प्रतिशत से अधिक किसानों का हो चुका पंजीकरण

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप जनपद में अब तक 71 प्रतिशत से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है।

### अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू हुआ अभियान

इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डा.बीबी द्विवेदी, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से जल्द ही जिले के शतप्रतिशत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा सकेगा, ताकि जनपद का कोई भी पात्र किसान योजनाओं से वंचित न रह सकें।

# यूजीसी का 'काला कानून' छात्र एकता के खिलाफ, 'जातिवाद' नहीं 'छात्रवाद' की हो स्थापना : समाजसेवी अतुल तिवारी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर के जाफराबाद विधानसभा क्षेत्र के निवासी अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रमुख समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) ने यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के नए नियमों को 'काला कानून' करार देते हुए इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक इस भेदभावपूर्ण कानून को वापस नहीं लिया जाता या इसमें उचित संशोधन नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष थमेगा नहीं। जातिवाद' को हटाकर 'छात्रवाद' की मांग - समाजसेवी अतुल तिवारी ने जोर देकर कहा कि शिक्षा के मंदिर में जाति के आधार पर बंटवारा स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मांग की कि यूजीसी को 'जातिवाद' की जगह 'छात्रवाद' को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'शिकायत करने का अधिकार हर छात्र को समान रूप से मिलना चाहिए, चाहे वह ओबीसी, एससी, एसटी या सामान्य वर्ग से हो। यदि किसी भी छात्र के साथ समस्या होती है, तो उसे यूजीसी कमेटी के समक्ष अपनी बात रखने का हक होना चाहिए। न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी इसीलिए होती है कि वह जाति नहीं, सत्य देखे। 'झूठी शिकायतों पर लगे लगाम- समाजसेवी अतुल ने कानून के दुरुपयोग की संभावना पर भी चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि इस कानून में 'झूठी शिकायत' करने वालों के खिलाफ भी सख्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए, ताकि किसी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इन संशोधनों के साथ सरकार आगे बढ़ती है, तभी छात्र संगठन इसका समर्थन करेंगे, अन्यथा आंदोलन और उग्र होगा। अराजक तत्वों और बदसलूकी करने वालों को चेतावनी- मीडिया बाइट के दौरान अतुल कुमार तिवारी ने उन अराजक तत्वों को कड़ी फटकार लगाई, जो यूजीसी के नाम पर समाज में नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने महिला पत्रकार रुचि तिवारी के साथ हुए अभद्र और शर्मनाक व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रशासन से कार्रवाई की मांग - अतुल तिवारी ने दो टूक शब्दों में कहा, 'पत्रकारों के साथ बदतमीजी करने वाले और जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले 'अनपढ़ और जाहिल' लोग अपनी मर्यादा न भूलें।

# चौकियां धाम में अष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने माता शीतला का किया दर्शन-पूजन

■ चैत्र अष्टमी पर सुबह से देर शाम तक दर्शन के लिए लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर चौकियां धाम पूर्वांचल की आस्था का प्रमुख केंद्र शीतला चौकियां धाम में चैत्र माह की अष्टमी तिथि के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और पूरे दिन माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। प्रातःकाल मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंदिर के पुजारी मुक्तेश्वर पंडा ने माता शीतला का भव्य श्रृंगार कर विधि-विधान से आरती और पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता रानी का दर्शन-पूजन किया और सुख-समृद्धि की कामना की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों ने परंपरा के अनुसार बसिऔरा पूजन सामग्री के रूप में माला, फूल, हलवा, पूरी, गुलगुला, रोट आदि अर्पित करते हुए माता रानी का पूजन किया। वहीं हल्दी का लेपन कर भक्तों ने माता से परिवार की सुख-समृद्धि और रोगों से रक्षा की प्रार्थना की। मंदिर परिसर के बगल में स्थित पवित्र कुंड पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, जहां भक्तों ने हलवा, पूरी, गुलगुला और रोट चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। चैत्र अष्टमी के अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने अपने नौनिहाल बच्चों का मुण्डन संस्कार भी कराकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता है कि अष्टमी तिथि पर माता शीतला की विशेष पूजा करने से चेचक, ज्वर और अन्य मौसमी बीमारियों से रक्षा होती है। इसी विश्वास के साथ भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर के समीप स्थित कालभैरव नाथ मंदिर और मां काली मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैदी से तैनात रहे, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही।

# सांड से टक्कर में हुई मौत के बाद शासन की मदद से मिला सहारा, पीड़ित परिवार को मिली 4 लाख की आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

■ पीड़ित परिवारजन ने मा0 मुख्यमंत्रीजी का जताया आभार, जिलाधिकारी को दिया धन्यवाद

जौनपुर बदलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम छंगापुर निवासी स्व0 राजेन्द्र प्रसाद की दर्दनाक मृत्यु के बाद शासन की ओर से उनकी पत्नी श्रीमती मीरा नाविक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत रुपये 4.00 लाख (चार लाख रुपये) की अनुग्रह राशि के रूप में दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 12 अगस्त 2024 को स्व0 राजेन्द्र प्रसाद अपनी पत्नी श्रीमती मीरा नाविक के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक छुट्टा सांड से टक्कर हो जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर पीड़ित परिवार को शासन की योजना के तहत सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। उक्त प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तक भी पहुंचा। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के अनुपालन में मामले का परीक्षण करते हुए यह पाया गया कि शासनादेश में वर्णित उपबंधों के अनुसार सांड एवं नीलगाय के आघात से हुई मृत्यु राज्य आपदा के अंतर्गत आती है, जिस पर आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के निर्देश पर आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण कर उपजिलाधिकारी बदलापुर और तहसीलदार के माध्यम से कार्यवाही पूर्ण की गई और दिनांक 09 मार्च 2026 को मृतक की विधिक वारिस पत्नी मीरा नायक के खाते में रु0 4.00 लाख की अनुग्रह राशि अंतरित कर दी गई। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि यह प्रकरण बेहद संवेदनशील होने के साथ ही अन्य प्रकरण से भिन्न था, जिसपर तत्काल संज्ञान लिया गया और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पीड़ित परिवारजन को सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है। इस सहायता से पीड़ित परिवार को कठिन समय में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्र लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। सहायता राशि मिलने पर मीरा नायक द्वारा शासन प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जौनपुर में मारपीट का आरोप: बाहरी लोगों को बुलाकर हमला करने की शिकायत, एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम पतहना में मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 4 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 से 4 बजे के बीच गांव के कुछ लोगों ने कथित तौर पर 8 से 10 बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर रामस्वारथ बिंद पर हमला कर दिया। इस दौरान जब गांव के कुछ लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन पर भी लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस घटना में बबलू गुप्ता, निलेश बिंद, कमलेश बिंद, उमेश बिंद और रामस्वारथ बिंद को गंभीर चोटें आईं, जबकि सुशीला बिंद का हाथ टूटने की भी बात कही गई है। घटना के बाद आरोपित मौके से चले गए और कथित रूप से घर की छत से ईंट-पत्थर फेंके जाने की भी शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो को आंशिक रूप से दिखाकर भ्रामक तरीके से प्रसारित किया जा रहा है, जिससे मामले को गलत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### थानाध्यक्ष के आश्वासन पर 28 घंटे बाद हुआ शवदाह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन सब्जी मंडी के पास नाले के बगल शीशम के पेड़ से मंगलवार को युवक का फंदे पर लटकती लाश पाये जाने के मामले में स्वजन घटना के 28 घंटे बाद भी कार्रवाई की मांग को लेकर शव घर रख उसका अंतिम संस्कार न करने पर अड़े रहे। उनका आरोप था कि युवक की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटकाया गया है। थानाध्यक्ष के द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद पिलकिछा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि की गई है। खुटहन गांव निवासी 29 वर्षीय कल्पनाथ गुप्ता उर्फ कक्कू मिस्त्री पुत्र लुटावन गुप्ता का शव फंदे से लटकता पाया गया था। स्वजनों ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया था। अंत्य परीक्षण के बाद देर रात शव स्वजनों को सौंप दिया गया। आक्रोशित स्वजन शव घर लाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी के बाद शव का अंतिम संस्कार करने पर अड़ गए। उनके द्वारा सड़क पर शव रख खुटहन वाया जौनपुर मार्ग को जाम करने भी प्रयास किया गया। पुलिस की सक्रियता से वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। पुलिस के द्वारा आश्वासन के बाद घटना के लगभग 28 घंटे बाद शवदाह किया गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

### 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत: जौनपुर में लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर जिला जज ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि ने की, जिसमें सभी न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों और प्रयासों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन मामलों का निस्तारण समझौते के माध्यम से संभव है, उन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर लोक अदालत में निपटाया जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन (वाद-पूर्व) और न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से पारिवारिक एवं दाम्पत्य विवाद, चेक बाउंस (धारा 138), धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, बिजली-पानी बिल से जुड़े विवाद, भरण-पोषण वाद, राजस्व वाद तथा अन्य सिविल व आपराधिक शमनीय मामले शामिल हैं। जिला जज ने वादकारियों और अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने मामलों से संबंधित न्यायालयों से संपर्क कर मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए संदर्भित कराएं, ताकि कम समय में आपसी समझौते से विवादों का समाधान हो सके और लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जिला जजगण, सिविल जज (सीडी)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल जज (सीडी/जेडी) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर को लेकर सख्त हुए प्रशासन, बरसठी में कई ग्राहकों को नहीं मिला सिलेंडर-बाजार की दुकानों पर भी दिखा असर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सरकार की ओर से जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जिले के एसपी और डीएम तक को स्पष्ट आदेश दिया है कि कहीं भी गैस सिलेंडर की कमी नहीं होनी चाहिए। जहां भी गैस की किल्लत की शिकायत मिले, वहां जिले के उच्च अधिकारी स्वयं जांच कर संबंधित गैस एजेंसियों पर कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि गैस सिलेंडर आम जनता तक समय से पहुंचे। इसी बीच जौनपुर जिले के बरसठी क्षेत्र में बुधवार को कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में निराशा का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले दुकानदारों के माध्यम से गैस सिलेंडर आसानी से मिल जाता था, लेकिन अब व्यवस्था में बदलाव के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि नई व्यवस्था के तहत अब उपभोक्ताओं को अपने गैस कनेक्शन के अनुसार मोबाइल फोन से गैस सिलेंडर की बुकिंग करनी होगी, जिसके बाद संबंधित गैस एजेंसी ही सीधे उपभोक्ता को सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के लिए दिए गए नंबर कई बार फोन से लग नहीं पा रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ती नजर आ रही है। उधर, दुकानों पर सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कई बाजारों में छोटी दुकानों पर भी इसका असर देखने को मिला और कुछ स्थानों पर दुकानें बंद भी नजर आईं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस बुकिंग व्यवस्था को सरल बनाया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं गैस एजेंसियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से एजेंसी पर गैस की गाड़ी नहीं पहुंच पा रही है। इसी वजह से एजेंसी पर भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। एजेंसी संचालकों के अनुसार जैसे ही गैस की सप्लाई पहुंचेगी, उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

# सेन्ट जोसेफ स्कूल में 7 दिनों के अवकाश से रोष: डीएम से कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

■ मनमानी से छात्र और अभिभावक परेशान है

नगर थाना क्षेत्र की पोखरा बाजार निवासिनी डॉ. नीरज साहनी ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर बस्ती- गोरखपुर मार्ग पर जिगिना के निकट सेन्ट जोसेफ स्कूल पिपरा रामकिशुन में शिक्षा विभाग के अवकाश कलेन्डर के विरूद्ध फरवरी और मार्च माह में विद्यालय में 7 दिनो का अवकाश कर दिये जाने के मामले की विभागीय जांच और कार्रवाई की मांग किया है। डीएम को दिये पत्र में डॉ. नीरज साहनी ने कहा है कि विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने बिना किसी उचित कारण या विभागीय स्तर पर अनुमति के 16, 27, 28 फरवरी और 6, 7, 8, 9, 10, और 11 मार्च को अवकाश कर दिया। इससे सैकड़ों छात्रों का पठन पाठन प्रभावित हुआ। उन्होने डीएम को विन्दुवार जानकारी देते हुये कहा है कि सेन्ट जोसेफ स्कूल पिपरा रामकिशुन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तय मानकों का लगातार उल्लंघन कर रहा है और मनमानी से छात्र और अभिभावक परेशान है। उन्होने मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग किया है।

# पैकोलिया थाना के एसआई को सीडब्ल्यूसी ने किया प्रतिबंधित

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

■ एसपी को पत्र भेजकर उपनिरीक्षक का अनिवार्य प्रशिक्षण कराने की संस्तुति



**हरैया।** न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने पैकोलिया थाना के एक उपनिरीक्षक, विवेचक को 6 माह के लिए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत होने से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही पुलिस कप्तान को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि संबंधित उपनिरीक्षक को जेजे एक्ट (बाल न्याय अधिनियम) का अनिवार्य प्रशिक्षण कराया जाए। प्रशिक्षण पूर्ण होने तक उन्हें बाल अधिनियम से जुड़े किसी भी मामले की विवेचना न सौंपने की भी संस्तुति की गई है।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से लापता होने की सूचना स्थानीय थाने में दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर बालिका को बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद मामले के विवेचक अभोरिक यादव ने बालिका को न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। बताया गया कि प्रस्तुत करते समय उपनिरीक्षक वर्दी में थे और बालिका के साथ उनका व्यवहार बाल-मित्रवत होने के बजाय असामान्य रहा। वहीं सुपुर्दगी की कार्यवाही के दौरान भी विवेचक प्रक्रिया का सही ढंग से पालन नहीं कर सके। जब न्यायपीठ के सदस्यों ने उनसे प्रक्रिया के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है और थाने से भेजे जाने पर वह यहां आ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन प्रेरक मिश्रा तथा सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव और मंजू त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि ऐसे में विवेचक द्वारा की जाने वाली विवेचना से बालिका के सर्वोच्च हित प्रभावित हो सकते हैं। इस पर समिति ने आदेश दिया कि संबंधित उपनिरीक्षक को बाल अधिनियम 2015 का अनिवार्य प्रशिक्षण कराया जाए। प्रशिक्षण पूरा होने तक उन्हें बाल अधिनियम से जुड़े सभी मामलों से दूर रखा जाए, बालक, बालिकाओं से संबंधित कोई विवेचना न दी जाए तथा उन्हें छह माह के लिए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रतिबंधित किया जाए। इस संबंध में आदेश की प्रति पुलिस कप्तान को भेजते हुए की गई कार्रवाई से न्यायपीठ को अवगत कराने को भी कहा गया है। इस मामले में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने कहा कि 'बालक-बालिकाओं का सर्वोच्च हित हमारे लिए सर्वोपरि है, इसके साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

# गांवों को जोड़ने का प्रस्ताव दिया है ये फैसला बहुत सराहनीय: ऋषि संतोष कुमार शर्मा

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ जी ने पूरे प्रदेश के गांवों के बस सुविधा देने के लिए कैबिनेट मंजूरी दे दी है। इस मांग को मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने तमाम ज्ञापनों के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, मुख्य न्यायधीश भारत सरकार, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते चले आ रहे थे। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा जो बस सुविधा उत्तर के 25 करोड़ जनता के लिए योगी जी ने बस सुविधा से गांवों को जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। ये फैसला बहुत सराहनीय है। और भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि पूरे भारत के ढाई लाख ग्राम पंचायतों। को बस सुविधा दी जाएं। एक देश एक रास्ता भारत के सभी शहरों, कस्बों, गांवों से जोड़ा जाए। रास्ता अच्छा न होने के कारण आम जनता की चलने में काफी कठिनाई होती है, ओर तमाम सड़क हादसे होते है। श्री शर्मा ने भारत के सभी सांसद विधायकों से अनुरोध करते हु कहा कि एक वर्ष का सभी निधियों का पैसा ग्राम पंचायतों एवं मजरों में लगाया जाए। जिससे भारत में नए अध्याय की शुरुआत हो सकें। जिससे मोदी जी योगी जी का नाम ऐतिहासिक पन्नों में दर्ज़ हो सके। मनरेगा के सोशल मीडिया प्रभारी मिश्रा शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 को लागू करने लिए बधाई एवं आभार व्यक्त किया , प्रभारी मिश्रा जी ने जोर देते हुए कहा कि गांव को बस सुविधा से जोड़ने के लिए मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने तमाम ज्ञापनों से सरकारों को पाट रख है। लेकिन अब तक सिर्फ गांव को बस सुविधा से जोड़ने लिया उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से संज्ञान लेकर लागू किया है। गांव को बस सुविधा से जोड़ने से गांवों में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, तथा तमाम गांव कस्बों में तब्दील हो जायेगे, एवं गांवों को बस सुविधा से जुड़ जाने पर शहरों की भीड़ में भरी कमी आयेगी तथा सड़क हादसे कम होंगे। गांव को बस सुविधा से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से महासंघ में भारी खुशी है। इस योजना को कैबिनेट मंजूरी मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष खीरी रमेश कुमार, राष्ट्रीय सदस्य तेजवली राजवंशी, सदस्य रामदुलारी मिश्र, जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर ओमवीर, जिला अध्यक्ष सीतापुर डॉ अवधेश कुमार, सक्रिय सदस्य लखनऊ पंडित रंजन कुमार, अखिलेश शर्मा, रामचन्द्र शर्मा आदि सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी एवं आभार व्यक्त किया।

# चीनी मिल में सुरक्षा सप्ताह के समापन पर कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी**




बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया कला में आज 55 राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमें मिल के सभी कर्मचारी ,अधिकारी एवं संविदाकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता चीनी मिल के इकाई प्रमुख ओ पी चौहान ने की। सुरक्षा सप्ताह के अंत में विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को बैच लगाकर बुके प्रदान की गई।इस अवसर पर चीनी मिल श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बोलते हुए कहा कि हम सभी श्रमिक को चाहिए की सबसे पहले हमें अपनी सुरक्षा करनी होगी तथा मिल के अंदर कार्य करते समय जूते हेलमेट आदि का प्रयोग करना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कर्मचारियों को चाहिए कि वह फैक्ट्री के अंदर जूते पहन कर कार्य करें तथा कार्य के समय ढीले वस्त्र जैसे धोती व मफलर आदि का प्रयोग ना करें तथा कार्य को जल्दबाजी में करके स्वयं को नुकसान ना पहुंचाएं। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए यूनिट हेड ओ पी चौहान ने कहा कि लोग प्रतिदिन कार्य करते समय दुर्घटना या बीमारी के शिकार हो रहे हैं हम सबका दायित्व बनता है कि अपने कार्य क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के ऊपर ध्यान दें इसके लिए सबसे आसान उपाय ट्रेनिंग व सेमिनार के द्वारा लोगों को दिया जाता है हम लोगों को मिलकर दुर्घटनाओं को शून्य करना सुरक्षा तकनीकी का ज्ञान सभी साथियों को देना नैतिक जिम्मेदारी है जिसका हमें पालन करना चाहिए ।यूनिट हेड ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाया कि कारखाने का लक्ष्य 0 एक्सीडेंट हो।इस अवसर पर पलिया अग्नि समन अधिकारी राधेश्याम पाल,उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दूवे,राजीव तोमर, संजीव श्रीवास्तव, तनवीर अहमद,मनोज मिश्रा ,सतीश श्रीवास्तव , उज्जवल चटर्जी,वैभव सिंह, संजीव कुमार,शिव सिंह बजेठा,सहित तमाम अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।सभा के अंत में सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं में लेखन, पोस्टर, स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को यूनिट हेड द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 14 मार्च 2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दे

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** खंभारखेडा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा द्वारा द्वितीय मिल बंदी सूचना दिनांक 14 मार्च 2026 सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों को भेज दी है। इस संबंध में चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्राय: समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है । अत: क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 14 मार्च 2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें।

### बार एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में पहुंचे जिला जज

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** तहसील बार एसोसिएशन के नए मंत्रिमंडल ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला जज शिवकुमार सिंह विशिष्ट अतिथि सी जे एम नीरज गौड़, जेएम आश्रिता,ए जे एम रजत कुमार , एसडीएम चालवुराजु आर सी ओ अरुण कुमार सिंह रहे संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी सिंह ने किया है ।अधिवक्ताओं की गरिमामय में उपस्थित के बीच मुख्य अतिथि जिला जज ने होली के त्यौहार को लेकर सभी को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा यह त्यौहार छोटे-बड़े गरीब और अमीर के भेदभाव को मिटाता है और आपस में मिलकर सद्भावना बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने अधीनस्थ जजों को बार और बेंच के सहयोग से गरीबों को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने की भी बात कही। अधिवक्ताओं द्वारा फैमिली कोर्ट को लेकर उन्होंने बताया इस संबंध में पत्राचार शासन को किया गया है शीघ्र ही कोर्ट की स्थापना कराई जाएगी। मंत्रिमंडल के अध्यक्ष अवधेश चंद्र त्रिवेदी उर्फ बेटू महामंत्री पंकज कश्यप ने संगठन की ओर से अतिथियों का आभार जताया है। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।



### दहेज हत्या के आरोपी ससुर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के बौआ में नव विवाहित की हत्या के मामले में आरोपी ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गांव में 2 फरवरी को नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या हो गई थी पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था जिसमें दूसरे आरोपी ससुर कप्तान को पुलिस ने 40 दिन बाद गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज पाई है।

### ग्राम पंचायत अधिकारी का हुआ गंभीर एक्सीडेंट रेफर

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला ब्लाक कुम्भी की ग्राम पंचायत अधिकारी रितु यादव जो कि ग्राम पंचायत के कार्य से ग्राम परेली जा रही थी जैसे ही वह थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव झारा के पास रोड पर पहुची, बैसे ही सामने से आ रही ऐक सरकारी बस संख्या क्क31अ 4504 ने स्कूटी संख्या क्क31क्क 3404 को टक्कर मार दी, स्कूटी चला रही रितु यादव जो कि ऐक्सीडेन्ट मे गंभीर घायल हो गई। हैदराबाद पुलिस को सूचना होने पर फौरन ही उप निरीक्षक खेमेन्द्र सिंह मय हमराही फोर्स के तत्काल मौके पर पर पहुचे और घायल रितु यादव को गोला सीएचसी को भेजकर स्कूटी व वाहन को आपने कब्जे मे लिया है।



# लौट कर नहीं आता कब्र से कोई लेकिन प्यार करने वालों को इंतजार रहता है

- बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया
- एक तेरे जानें से सूना आगन हो गया,देर रात सुपुर्देखाक हुऐ डा जेड खान

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



प्रेस क्लब के संरक्षक डॉक्टर जेड खान की आकस्मिक मृत्यु से मीडिया जगत में शोक की लहर फैल गई।सभी मीडिया बंधुओ ने इस खबर को सुनते ही दुःख का इजहार किया देर रात कब्रिस्तान में डॉक्टर जेड खान के शव को सुपुर्देखाक किया गया,जेड खान राष्ट्रीय सहारा उर्दू सहित अन्य अखबारों और चैनलों मे अपनी बेबाक खबरों के लिऐ जाने और पहचाने जाते रहे है उन्होंने हमेशा पत्रकार और पत्रकारिता हित की बात कही उनके निधन पर राजनीतिक दलो,सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और आम जनों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि खान साहब की कमी हमेशा प्रेस क्लब को खलती रहेगी, उनका मार्गदर्शन हमेशा प्रेस क्लब सहित सभी मीडिया साथियों को हमेशा मिला,वही प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवम राठौर,प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद्र चौरसिया अतुल मिश्रा, गोपाल तिवारी ,भाजपा मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह सोमवंशी ने गहरा दुख व्यक्त किया, इसी क्रम में प्रेस कलब महामंत्री आकाश सैनी,कमल गुप्ता हरविंदर सिह,रवि शुक्ला,इरफान अहमद,अरूण सिह, हरिश्चंद्र सिह,मो. इलियास,आशाराम सैनी, सहबाज सिददीकी, जिया उल्ला खा, रवी उल्ला खा,आशीष कटियार, इतेजार खा, शमशाद खा,महेश श्रीवास्तव, सुखविंदर सिंह देव रंजन मिश्रा, शावेज खा मुन्ना, सिदाकत मसूरी, शीबू सिददीकी,साहिल खा, संदीप गुप्ता, राहुल राठौर,सुजीत राठौर,सहित सभी ने गहरे दुःख का इजहार किया है।

# मारपीट व धमकी के मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



हैदराबाद पुलिस ने मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी के मामले में कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार ग्राम सहुआपुर निवासी कलक्टर सिंह पुत्र स्व. टीकाराम, ओमप्रकाश पुत्र स्व. टीकाराम, अरविंद कुमार उर्फ मुन्नालाल पुत्र स्व. रामनाथ तथा रामनरेश उर्फ राम रईस पुत्र स्व. तिलकराम को गिरफ्तार किया गया। इन पर धारा 109(1), 118(1), 117(2), 190, 191(2), 191(3), 324(4), 333, 352, 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना प्रभारी सुनील मलिक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह (चौकी प्रभारी अजान) की टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल दीपक वर्मा, हेड कांस्टेबल संजीव यादव, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, कांस्टेबल प्रेमशंकर, कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल बन्टी सागर तथा पीआरडी जवान राजाराम शामिल रहे।थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शिक्षा को मिला रचनात्मक रंग

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



जनपद में सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर बुनियादी शिक्षा को नया रंग और बच्चों की रचनात्मकता को पंख देने की पहल शुरू हो गई है। मंगलवार को विकास खंड नकहा के कंपोजिट विद्यालय धोबाहा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विंटर आर्ट किट वितरण एवं 'प्लेग-ऑफ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर उत्साह और रंगों से भरे भविष्य की झलक साफ दिखाई दी। सीडीओ ने परिषदीय स्कूलों की बालिकाओं के साथ वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की और बच्चों को किट सौंपते हुए कहा कि शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर कला और पर्यावरण से जोड़ना समय की मांग है।उन्होंने बताया कि एजुकेट गर्ल्स संस्था इस अभियान के तहत जिले के 83 परिषदीय विद्यालयों के 4150 छात्र-छात्राओं को लर्निंग किट उपलब्ध कराई जाएंगी। पहले चरण में कंपोजिट विद्यालय धोबाहा के 60 बच्चों को किट वितरित की गई।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संस्था का त्नयक्क+ (ज्ञान का पिटारा) मॉडल बच्चों के सीखने के तरीके को रोचक और प्रभावी बनाएगा। इससे न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी बल्कि विद्यालय से उनका जुड़ाव भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें शासन के निपुण भारत जैसे लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में सीडीओ ने बच्चों से जीवन कौशल पर संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं बीईओ शत्रुघ्न सरोज, प्रधानाध्यापक जगदीश कुमार और शिक्षकों बृजेंद्र वर्मा, कुसुमलता व ज्योति ने इस पहल को विद्यालय के लिए नई ऊर्जा बताया।सीडीओ ने छात्रा सृष्टि और लक्ष्मी के साथ विंटर कैंप वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत किया। इस मौके पर एजुकेट गर्ल्स टीम से इंद्रदेव तिवारी, अंकित दीक्षित, प्रमोद कुमार, हरदीप सिंह, अमित कुमार सिंह और विपिन कुमार मौजूद रहे। सीडीओ ने पूरी टीम को ग्रामीण शिक्षा के लिए उनके समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित कर महिलाओं से जुड़े प्रकरणों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाई। इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह तथा अन्य प्रकार के महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 नए मामलों की विस्तार से सुनवाई की गई। साथ ही पूर्व से आयोग के समक्ष विचाराधीन लंबित प्रकरणों पर भी प्रगति की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी व्यथा खुलकर रखी। उन्होंने पुलिस, पारिवारिक और सामाजिक उत्पीड़न संबंधी मामलों को विस्तार से बताया। श्रीमती सुजीता कुमारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर में अशोक कुमार में बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकालकर उसे बारासिरोही सरकारी अस्पताल ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी रिंकू चंदेल प्राइवेट कर्मी है परिवार में माँ राममूर्ती (75) पिता योगेंद्र सिंह करीब दस साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। छोटा भाई टिंकू चंदेल सरकारी स्कूल में चपरासी पद पर नवाबगंज में तैनात। छोटे टिंकू ने बताया कि रिंकू कल ट्रेन द्वारा मथुरा दर्शन करने गए थे। घर पर माँ व बच्चे घर पर थे। दोपहर को बेटा शिवांक हाई स्कूल के पेपर देकर घर आया तो वह पानी पीने के लिये छत पर गया तो दादी का कमरा अंदर से बंद था। काफ़ी खटकाने के बाद भी ज़ब अंदर से कोई आहट नहीं आई तो उसने खिड़की से झाँक कर देखा तो वह खिड़की से साड़ी के सहारे फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। बेटे कि चीखपुकार सुन परिजन ऊपर गए और फंदे से शव लटकता देख सभी होश उड़ गए। आनन फानन में परिजनों ने 112 नंबर डायल कर घटना कि सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते कल्याणपुर थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से उतार कर कल्याणपु बारासिरोही सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव को पोस्टमार्टम करने से मना करते हुए शव लेकर घर चले गए।

**क्या बोले थाना प्रभारी**

कल्याणपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अधिक बुजुर्ग होने के कारण परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। अन्य विधिक कार्रवाई कि जा रही है।

# पनकी मे संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति पर लगाया हत्या का आरोप

- पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पनकी मे महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। पति ने बेड पर महिला का शव पड़ा देखा तो उन्होंने 112 नंबर डायल करते हुए ससुरलीजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। ससुरालीजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पनकी थाना क्षेत्र के गंगागंज निवासी महावीर पुरम गुलाबी कालोनी निवासी मो अकबरपुर ने बताया प्राइवेट जॉब करते है। मो अकबर ने बताया कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व अपनी बेटी मुमतहा(22) कि शादी पनकी गंगागंज हरि कालोनी निवासी शोएब खान से कि थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही शोएब बेटी के साथ शराब के नशे में मारपीट करता था जिससे परेशान होकर बेटी कल्याणपुर के एक होटल में प्राइवेट जॉब करने लगी थी। उसके बाद भी शोएब ज़ब बेटी शाम को घर आती तो उसके साथ मारपीट करता था। बेटी ने कई बार फोनकर बताया भी जिसके बाद परिजन घर जाकर समझाबुझा देते थे। बुधवार को बेटी रोज़ कि तरह डियूटी जा रही थी। तभी किसी बात को लेकर शोएब से उसका झगड़ा हो गया। उसके बाद शोएब ने उसे डियूटी नहीं जाने दिया। पति शोएब का कहना है कि वह मानसिक रूप से परेशान थी। वह कुछ काम से बाहर गया था। तभी पत्नी ने दरवाजा बंदकर दुप्पटे के सहारे पंखे से लटक कर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। दुप्पटा फट जाने से वह फंदे से बेड पर गिर गई। करीब दो बजे ज़ब वह वापस आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफ़ी देर तक दरवाजा खतकाने के बाद भी ज़ब अंदर से कोई आहट नहीं आई तो वह पीछे के दरवाज़े से कमरे में दाखिल हुआ तो पत्नी का शव बेड पर गले में दुप्पटा बंदा देख उसके होश उड़ गए। तत्काल उसने ससुरालीजनों को घटना कि जानकारी देते हुए 112 नंबर डायल कर सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। लड़की पक्ष के लोगों ने पति पर मारपीट व गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

**क्या बोले थाना प्रभारी**

पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि लड़की पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। पति ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पत्नी मानसिक रूप से परेशान रहती थी शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का सही कारण पता चल सकेगा परिजनों की ओर से मिलेगी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से चैन लूट मामले में फरार चल रहे बदमाश से कल्याणपुर पुलिस की हुई मुठभेड़

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कल्याणपुर थाना क्षेत्र में महिला से चेन लूटकर फरार हुए बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस की बुधवार सुबह मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान स्कूटर सवार संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार तीन मार्च को बंबा रोड निवासी राकेश त्रिपाठी की पत्नी कुसुम महाराणा प्रताप स्कूल के पास स्थित सब्जी मंडी में फल और सब्जी खरीदने गई थीं। इसी दौरान स्कूटर सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली थी और मौके से फरार हो गए थे। अचानक हुई इस घटना से मंडी में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और उसी के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। बुधवार सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की वारदात में शामिल बदमाश इलाके में घूम रहे हैं। इसके बाद कल्याणपुर पुलिस ने बारा सिरोही नहर पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक स्कूटर सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह अचानक यू-टर्न लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने घायल बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया। उसकी पहचान नौबस्ता के हनुमंत विहार निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटर बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ हत्या समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और कुछ समय पहले ही उसे बिठूर पुलिस ने जेल भेजा था। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यूएस में 50 साल बाद लगेगी रिफाइनरी

## डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, रिलायंस करेगी 300 अरब डॉलर का निवेश, ट्रंप ने भारत और रिलायंस को कहा धन्यवाद?

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच अमेरिका ने ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाने की घोषणा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि देश में लगभग 50 वर्षों में पहली बार एक नई ऑयल रिफाइनरी बनाई जाएगी। यह रिफाइनरी टेक्सास के ब्राउन्सविल पोर्ट पर स्थापित की जाएगी और इसमें भारत की प्रमुख निजी ऊर्जा कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी बड़ा निवेश शामिल होगा। खबर लिखे जानें तक रिलायंस की तरफ से इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई बयान नहीं साझा की गई है।



### दुनिया की सबसे स्वच्छ रिफाइनरी होने का दावा

ट्रंप ने कहा कि ब्राउन्सविल बंदरगाह पर बनने वाली यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे 'क्लीन' यानी पर्यावरण के लिहाज से सबसे स्वच्छ रिफाइनरियों में से एक होगी। उन्होंने दावा किया कि यह अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी, जिससे ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा और पर्यावरणीय प्रभाव को कम रखा जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी और देश को ऊर्जा के मामले में अधिक आत्मनिर्भर बनाएगी।

### भारत और रिलायंस का किया धन्यवाद

इस परियोजना की घोषणा करते हुए ट्रंप ने भारत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत के साझेदारों और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी रिलायंस का यह निवेश अमेरिका के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने अपनी सरकार की अमेरिका फर्स्ट नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि परमिट प्रक्रिया को सरल बनाने और करों में कमी जैसी नीतियों के कारण बड़े पैमाने पर निवेश अमेरिका में वापस आ रहा है।

### तेल और गैस की कीमतों पर व्हाइट हाउस का बयान

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि हाल के दिनों में तेल और गैस की कीमतों में जो बढ़ोतरी देखी गई है वह अस्थायी है। उनके मुताबिक अमेरिका का सैन्य अभियान अपने उद्देश्यों को पूरा करने के बाद ऊर्जा बाजार को स्थिर करने में मदद करेगा और भविष्य में कीमतें पहले से भी कम हो सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका में नई रिफाइनरी बनने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक तनाव के बीच यह परियोजना ऊर्जा बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### ट्रंप ने अपने पोस्ट में क्या-क्या बताया?

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर इस परियोजना को अमेरिका के इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा सौदों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि यह लगभग 300 अरब डॉलर (करीब 25.35 लाख करोड़ रुपए) का ऐतिहासिक निवेश है, जो अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र, रोजगार और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। ट्रंप के अनुसार, यह परियोजना अमेरिका की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को मजबूत करेगी और घरेलू बाजार को पर्याप्त ईंधन उपलब्ध कराने में मदद करेगी। इसके साथ ही यह वैश्विक ऊर्जा निर्यात को भी बढ़ावा देगी और दक्षिण टेक्सास क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को तेज करेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हजारों नई नौकरियां पैदा होंगी और क्षेत्र में लंबे समय से अपेक्षित औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

### 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का असर

ट्रंप ने इस निवेश को अपने 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडा से जोड़ा। उनका कहना है कि अमेरिका में परमिट प्रक्रिया को आसान बनाने और टैक्स कम करने जैसी नीतियों के कारण बड़े निवेश आकर्षित हो रहे हैं।

### एएफआर ने क्या बताया?

टेक्सास के ब्राउन्सविल पोर्ट पर प्रस्तावित नई ऑयल रिफाइनरी परियोजना को लेकर कंपनी अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग (स्नत्र) ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। कंपनी ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि उसे फरवरी में एक वैश्विक ऊर्जा कंपनी से नौ अंकों (नाइन-फिगर) का निवेश मिला है। इस निवेश के आधार पर कंपनी का मूल्यांकन दस अंकों (टेन-फिगर) तक पहुंच गया है। प्रेस रिलीज के अनुसार उसी वैश्विक ऊर्जा कंपनी के साथ 20 वर्षों का एक बाध्यकारी ऑफटेक समझौता भी किया है। इस समझौते के तहत कंपनी अमेरिकी शेल ऑयल से उत्पादित ऊर्जा को खरीदने, प्रोसेस करने और वितरित करने की दीर्घकालिक व्यवस्था करेगी। हालांकि प्रेस रिलीज में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज का उल्लेख नहीं किया गया है और न ही यह बताया गया है कि परियोजना में किस कंपनी द्वारा कितना निवेश किया जाएगा। कंपनी ने यह भी कहा कि इस नई रिफाइनरी के निर्माण कार्य की शुरुआत 2026 की दूसरी तिमाही में की जाएगी।

### कौन बनाएगा यह रिफाइनरी?

जानकारी के मुताबिक टेक्सास के ब्राउन्सविल पोर्ट पर स्थित 'अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग' नाम की कंपनी इस परियोजना को विकसित करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना पहले एलिमेंट फ्यूल्स द्वारा प्रस्तावित रिफाइनरी योजना से जुड़ी हो सकती है। 2024 में एलिमेंट फ्यूल्स ने घोषणा की थी कि उसने लगभग 1,60,000 बैरल प्रतिदिन क्षमता वाली रिफाइनरी के निर्माण के लिए जमीन तैयार कर ली है और जरूरी परमिट हासिल कर लिए हैं। बाद में कंपनी की वेबसाइट अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग से जुड़ गई। हालांकि इस परियोजना पर अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज और अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग की ओर से औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### अमेरिकी रिफाइनरी नेटवर्क की चुनौती क्या रही?

अमेरिका में तेल उत्पादन पिछले डेढ़ दशक में शेल क्रांति के कारण तेजी से बढ़ा है, लेकिन रिफाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर उसी गति से नहीं बढ़ पाया। देश की कई रिफाइनरियां दशकों पुरानी हैं और हाल के वर्षों में बदलती ईंधन मांग तथा पर्यावरणीय नियमों के कारण कुछ रिफाइनरियां बंद भी हुई हैं। नई रिफाइनरी बनाना बेहद महंगा और जटिल प्रक्रिया है क्योंकि इसके लिए भारी पूंजी, लंबी अनुमति प्रक्रिया और पर्यावरणीय मंजूरी की जरूरत होती है। इसी वजह से अमेरिका में पिछले कई दशकों से कोई नई बड़ी रिफाइनरी नहीं बनी थी।

### पश्चिम एशिया युद्ध के बीच क्यों अहम है यह फैसला?

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान का तनाव तेजी से बढ़ रहा है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। दुनिया के कुल तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि इस समुद्री मार्ग में किसी तरह की बाधा आती है तो वैश्विक तेल आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकती हैं।

# आप को नहीं भरोसा: केजरीवाल-सिसोदिया ने आबकारी नीति केस में जज बदलने की मांग की



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आबकारी नीति से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को बदलने का अनुरोध किया है। पार्टी ने स्वयं इस घटनाक्रम की जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की है।

### न्याय प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने की जरूरत

यह मामला दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़ा हुआ है, जिस पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। केजरीवाल और सिसोदिया दोनों इस मामले में आरोपी हैं। उन्होंने अपने पत्र में मामले की निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने की बात कही है। पत्र में वर्तमान न्यायाधीश द्वारा सुनवाई जारी रखने पर कुछ आपत्तियां उठाई गई हैं। हालांकि, उन आपत्तियों का विस्तृत विवरण अभी सामने नहीं आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास ऐसे अनुरोधों पर विचार करने का अधिकार होता है। यह कदम मामले की न्यायिक प्रक्रिया में एक नया मोड़ लेकर आया है। पार्टी का कहना है कि यह न्याय की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक है।

### दोनों की हुई थी गिरफ्तारी

दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इस नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जांच शुरू की थी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। अरविंद केजरीवाल को भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। यह मामला दिल्ली की राजनीति में काफी समय से चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आइए जानते हैं दिल्ली की नई शराब नीति क्या थी?

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

# 'फंसे भारतीयों की सुरक्षा में जुटी सरकार'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में भाजपा की जीत का जिक्र किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा की यह सफलता अब पूरे केरल में फैलेगी। पीएम ने कहा कि केरल में एलडीएफ और यूडीएफ के बारी-बारी शासन करने के पुराने तरीके को बदलना अब बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अगले पांच साल एनडीए को सेवा का मौका देने की अपील की। उन्होंने जनता को 'मोदी की गारंटी' का भरोसा दिया।

### पीएम का विपक्ष पर हमला

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार केरल और भारत के युवाओं की सोच को नहीं समझते। उन्होंने केरल के भविष्य के लिए अपनी योजना साझा की। उन्होंने कहा कि हम केरल को एआई (एआई) और भविष्य की नई तकनीक का बड़ा केंद्र बनाने के लिए काम करेंगे।

### भारतीयों की सुरक्षा पर की बात

प्रधानमंत्री ने विदेश में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने नागरिकों को कहीं भी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ता। पीएम मोदी ने कहा, 'वेस्ट एशिया में जो कुछ हो रहा है, उससे आप सभी का चिंतित होना बहुत स्वाभाविक है। हमारे लाखों भाई-बहन वहां काम करते हैं। जब भी हमारा कोई देशवासी संकट में पड़ता है तो हमारी सरकार उसे सुरक्षित बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देती है। आज का भारत अपने नागरिकों को संकट में अकेला नहीं छोड़ता है। आज भी हमारा प्रयास है कि युद्ध की हालत में फंसे भारतीयों को सुरक्षा मिले, हरसंभव सुविधा मिले।'

### खाड़ी देशों का जताया आभार

इसके साथ ही पीएम ने खाड़ी देशों का भी आभार जताया जो विषम परिस्थिति में फंसे लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे संतोष है कि गल्फ के हमारे सभी मित्र देशों की सरकारें भी हमारे देश के नागरिकों का पूरा ध्यान रख रही हैं। मैं उन सभी सरकारों का आभारी हूं। वहां हर देश में हमारे जो दूतावास हैं, हमारे मिशन हैं, वे 24/7 उनकी मदद कर रहे हैं। किसी को भी खाना-पीना चाहिए, मेडिकल हेल्प चाहिए, रहने की जगह चाहिए या कानूनी मदद चाहिए, तो इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। लेकिन यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि कांग्रेस इतने बड़े वैश्विक संकट में भी राजनीति ढूंढ रही है।'

### आत्मनिर्भर भारत पर कही ये बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की महत्ता भी समझाई। उन्होंने आगे कहा, 'गल्फ में चल रहे युद्ध ने हमें आत्मनिर्भरता का महत्व फिर से समझाया है। एनर्जी हो या अन्य सेक्टर भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है ये हमने कोरोना के दौर में देखा है। यूक्रेन संकट के दौरान देखा है और वर्तमान संकट ने एक बार फिर से सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है।'

# चुनाव से पहले तमिलनाडु को मोदी ने दी 5650 करोड़ की सौगात, अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में करीब 5,650 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में बुनियादी ढांचे और रेलवे से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों, दो एक्सप्रेस ट्रेनों और एक पैसेंजर ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### प्रमुख प्रोजेक्ट और निवेश

प्रधानमंत्री मोदी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सिटी गैस वितरण नेटवर्क का शिलान्यास किया, जो निलगिरी और एरोड जिलों में 3,680 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ कार्यान्वित होगा। इससे 8.8 लाख घरों में पीएनजी कनेक्शन, 200 से अधिक व्यावसायिक संस्थानों को गैस और 201 से ज्यादा सीएनजी स्टेशन उपलब्ध होंगे। साथ ही, पीएम मोदी ल्यूब प्लांट, मणाली, चेन्नई का उद्घाटन करेंगे। इस प्लांट की क्षमता 672 हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जो भारत की ल्यूब्रिकेंट्स निर्माण क्षमता को मजबूत करेगा।

### बेहतर प्रशासन स्थापित करेगी एनडीए

भाजपा तमिलनाडु प्रभारी पीयूष गोयल ने कहा कि एनडीए डीएमके सरकार को राज्य में बेहतर प्रशासन स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि जनता अच्छे प्रशासन और विकास के लिए एनडीए को समर्थन देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 'डीएमके अब एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित है। लोग भ्रष्टाचार और अधूरी योजनाओं से थक चुके हैं और विकास की दिशा में एनडीए के एजेंडे से जुड़ रहे हैं।' पीएम मोदी ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया। इससे दक्षिण तमिलनाडु में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे और शहर की वैश्विक प्रतिबद्धता मजबूत होगी।

# 'संकट से बचने के लिए स्क्न्न आपूर्ति और तेल भंडार करना चाहिए था सुनिश्चित', केंद्र पर बरसीं ममता



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम एशिया पिछले दो हफ्ते से जंग की चपेट में है, अमेरिका-इस्राइल की तरफ से ईरान पर हमले के कारण तेल और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बाधित हो गई है। भारत में ईरान की सीमा से लगे होर्मुज जलडमरूमध्य से 60 फीसदी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति होती है। वहीं जंग की स्थिति के कारण यह आपूर्ति बाधित हो गई है। जिसके बाद से देश में भी कई जगहों पर एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की खबरें सामने आ रही है। अब इसे लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

### 'बिना सही योजना के प्रतिबंध लगाने से जनता होगी परेशानी'

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने देश में रसोई गैस की कमी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण जब ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, तब केंद्र सरकार को पहले से ही एलपीजी, तेल और गैस का पर्याप्त भंडार तैयार रखना चाहिए था। उनके अनुसार बिना सही योजना बनाए प्रतिबंध लगाने से लोगों को परेशानी हो रही है।

### 'राजनीति में जुटी है केंद्र सरकार'

एक बंगाली न्यूज चैनल से बातचीत में ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पर्याप्त गैस और तेल का भंडार सुनिश्चित किए बिना ही फैसले ले लिए, जिससे हालात संभालना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समस्याओं को हल करने के बजाय राजनीति में ज्यादा ध्यान दे रही है।

### 'कालाबाजारी करने वालों को मिल रहा बढ़ावा'

ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे काम तो कर रही है, लेकिन देश में गैस और तेल के भंडार को ठीक से संभाल नहीं पा रही। उन्होंने दावा किया कि इस संकट से निपटने के लिए स्पष्ट नीति न होने की वजह से कालाबाजारी करने वालों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# नक्सलियों के डंप से सबसे बड़ी बरामदगी: 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना मिला, एके-47 समेत 101 घातक हथियार जब्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जगदलपुर**

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण पुणे मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत हुआ। कार्यक्रम राज्य के डीजीपी अरुण देव गौतम और एडीजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में हुआ। बस्तर आईजी सुंदरराज पी सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा, सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो अच्छा लगेगा, अब सभी किताबें रिव्यू करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाय, अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने बेंच को भरोसा दिलाया कि पाठ्यक्रम की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है। इससे पहले 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। अदालत ने आदेश दिया है कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

# भारत के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में पहली गिरफ्तारी, दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

- एजेंसी ने डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने लगभग 20,000 करोड़ के बहुचर्चित गेन बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। सीबीआई के अनुसार, वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

### जांच में क्या आया सामने?

जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। जांच में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके सह-संस्थापकों आयुष वार्ष्णेय, साहिल बघला और निकुंज जैन की भूमिका सामने आई है। निकुंज जैन वर्तमान में वाओमी एआई के फाउंडर और चीफ कैपिटल ऑफिसर भी हैं। सीबीआई का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एमसीएपी नामक क्रिप्टो टोकन और उससे जुड़े ईआरसी-20 स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन और विकसित किया था, जिसका इस्तेमाल इस कथित क्रिप्टो पोंजी स्कीम में किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि डार्विन लैब्स ने कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए थे, जिनमें GBMiners.com नामक बिटकॉइन माइनिंग पूल प्लेटफॉर्म, बिटकॉइन पेमेंट गेटवे, कॉइन बैंक बिटकॉइन वॉलेट और गेन बिटकॉइन वेबसाइट शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों से संपर्क और निवेश कराया जाता था। यह घोटाला वर्ष 2015 में गेन बिटकॉइन नाम से शुरू हुआ था, जिसे कथित तौर पर वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संचालित किया जा रहा था। जांच एजेंसी के मुताबिक इस योजना का मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज (अब मृत) और उसका भाई अजय भारद्वाज थे। इस योजना में निवेशकों को 18 महीने तक हर महीने 10% तक बिटकॉइन रिटर्न देने का लालच दिया जाता था। लोगों को बाहरी एक्सचेंज से बिटकॉइन खरीदकर गेन बिटकॉइन में तथाकथित क्लाउड माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट के जरिए जमा करने के लिए कहा जाता था। सीबीआई के अनुसार यह मॉडल मल्टी-लेवल मार्केटिंग पर आधारित पोंजी स्कीम था, जिसमें पुराने निवेशकों को भुगतान नए निवेशकों से आने वाले पैसे से किया जाता था। शुरुआती दौर में बिटकॉइन में भुगतान होने से लोगों को यह योजना लाभदायक लगने लगी। लेकिन 2017 के बाद जब नए निवेशकों का प्रवाह कम हुआ, तो कंपनी ने अचानक भुगतान बिटकॉइन के बजाय अपने ही बनाए क्रिप्टो टोकन स्ब्र्क्क में करना शुरू कर दिया, जिसकी कीमत बिटकॉइन से काफी कम थी। इससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।




### कई एफआईआर हुए दर्ज

इस बड़े घोटाले के चलते जम्मू-कश्मीर से महाराष्ट्र और दिल्ली से पश्चिम बंगाल तक कई एफआईआर दर्ज की गई थीं। मामले की व्यापकता और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई अब पूरे घोटाले की परतें खोलने, इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान करने और निवेशकों से हड़पे गए धन का पता लगाने के लिए जांच आगे बढ़ा रही है, जिसमें विदेशों में भेजे गए फंड का भी पता लगाया जा रहा है।